हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बने पिता

एजेंसी, पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी राजश्री ने एक बेटी को जन्म दिया है। राजद नेता तेजस्वी ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी स्वयं ट्विटर के जरिए लोगों और समर्थकों को दी। इस खबर के सामने आने के बाद उन्हें बधाईयां दी जाने लगी। तेजस्वी ने गोद में अपनी बेटी को लेकर एक तस्वीर भी शेयर की है। राजद नेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा ईश्वर ने आनंदित होकर पुत्री रत्न के रूप में उपहार भेजा है। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य भी अपने भाई के घर में बेटी आने से खुश है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, आज किलकारी गूंजी है मेरे घर-आंगन में, खुशियों का ऐसा तोहफा दिया है ईश्वर ने। उन्होंने आगे लिखा कि बनकर नन्हीं सी परी, मेरे घर मेहमान आई है, खुशियों संग सौगात लाई है, दादा-दादी बनने की खुशी में, मम्मी-पापा के चेहरे पे जो मुस्कान लाई है। उल्लेखनीय है कि राजश्री इन दिनों दिल्ली में है। तेजस्वी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी एक दिन पूर्व दिल्ली पहुंची थी।

### राहुल को अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में कांग्रेस सांसदों ने पहनी काली पोशाक

एजेंसी, नयी दिल्ली। लोकसभा से राहुल गांधी के निष्कासन के विरोध में सोमवार को कांग्रेस सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे। कांग्रेस सांसदों के अलावा, कुछ अन्य विपक्षी नेताओं ने भी काले कपड़े धारण किए। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उनके कक्ष में बुलाई गई बैठक में भाग लिया और सदन में एक संयुक्त रणनीति पर विचार-विमर्श किया। कांग्रेस सांसदों ने राहुल गांधी की अयोग्यता के खिलाफ लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया है और राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने हिंडनबर्ग मामले में निलंबन नोटिस और राजनीतिक नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का प्रस्ताव दिया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोमवार को लोकसभा में एक स्थगन नोटिस पेश किया, जिसमें कहा गया यह सदन राहुल गांधी की अयोग्यता पर चर्चा करने के लिए शून्यकाल और दिन के अन्य कार्यों को स्थगित करता है।

### चंडीगढ़ में तीन दिन चलेगा आयुर्वेद पर्व, देशभर के विद्वान करेंगे मंथन

एजेंसी, चंडीगढ़। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के आयुर्वेद महापर्व 2023 का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने श्री धनवंत्री आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 46 में किया। तीन दिन दिन आयुर्वेद पर देश भर से आए आयुर्वेद के विद्वान करेंगे मंथन। आयुर्वेद पर्व में 3 दिन लगातार तीन दिन 11 बजे आयुर्वेदाचार्य द्वारा फ्री चेकअप व दवाइयों का वितरण किया जाएगा। तीनों दिन के आयुर्वेद कैंप में आम जनता के लिए फ्री एंट्री होगी। अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन एवं राज्यसभा चंडीगढ़ द्वारा आयुर्वेद पर्व 2023 का आयोजन श्री धनवंत्री आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल चंडीगढ़ में किया जा रहा है। यह जानकारी डॉ गीता जोशी ने दी व बताया कि आयुर्वेद पर्व में पद्मश्री पद्म भूषण अवार्ड वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा ,वैद्य अनिल भारद्वाज सहित पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल व चंडीगढ़ के मेयर अनूप गुप्ता विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे।

### यूपी निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट से मिली हरी झंडी

# सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की इजाजत दी

- सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार किया
- सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को दो दिन के भीतर निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश निकाय चुनाव को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. यूपी निकाय चुनाव को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिल गई है. सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने की इजाजत दी है और सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार किया है.

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को निकाय चुनाव का नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दी है. वहीं यूपी सरकार ने कहा अगर कोर्ट इजाजत देता है तो वह दो दिन के भीतर चुनाव का नोटिफिकेशन जारी कर सकती है. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 28 दिसंबर 2022 को ओबीसी आयोग का गठन किया गया था, इस मामले को लेकर 7 मार्च 2023 को आयोग ने अपनी रिपोर्ट दी. इससे पहले निकाय चुनाव को लेकर पिछड़ों का आरक्षण तय करने के लिए गठित उप्र राज्य समर्पित पिछड़ा वर्ग




आयोग ने निकायवार ओबीसी की आबादी की राजनीतिक स्थिति के आकलन के आधार पर आरक्षण की सिफारिश की थी. इसके लिए 1995 के बाद हुए निकायों के चुनाव के परिणामों को आधार बनाया गया. प्रदेश के सभी निकायों के परीक्षण के बाद आयोग ने 20 से 27 प्रतिशत की रेंज में अलग-अलग निकायों के लिए अलग-अलग आरक्षण देने की सिफारिश की. इसके साथ ही निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर सभी पार्टी अपनी रणनीति बनाने में जुट गई हैं. बसपा ने पहले ही साफ कर दिया है कि निकाय चुनाव की तैयारी में पार्टी के सभी 10 सांसदों को बसपा सक्रिय करेगी. बसपा सुप्रीमो मायावती जल्द बैठक करके इन सांसदों को जिम्मेदारियां सौंपेंगी. इन सांसदों की दिल्ली में बैठक हो सकती है. इन सांसदों को कैडर के अलावा अन्य वर्ग के युवाओं को जोड़ने की जिम्मेदारी दी जाएगी.

## अडाणी समूह में जनता के पैसे के निवेश की जांच से डर क्यों: राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सवाल किया कि अडाणी समूह में जनता के पैसे का निवेश क्यों किया जा रहा है और सरकार इसकी जांच कराने से डर क्यों रही है।

उन्होंने ट्वीट किया, 'एलआईसी की पूंजी, अडाणी को! एसबीआई की पूंजी, अडाणी को! ईपीएफओ की पूंजी भी, अडाणी को! 'मोडानीश् के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है? राहुल गांधी ने सवाल किया, 'प्रधानमंत्री जी, न जांच,



न जवाब! आखिर इतना डर क्यों? कांग्रेस अमेरिकी वित्तीय शोध संस्था 'हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह और प्रधानमंत्री पर लगातार हमले कर रही है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ फर्जी तरीके से लेन-देन और शेयर की कीमतों में हेर-फेर सहित कई आरोप लगाए थे।

# संसद में राहुल गांधी की अयोग्यता को लेकर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्यवाही स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के हंगामे के बाद एक बार फिर लोकसभा को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिये जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर आए कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सोमवार को सदन में शोर-शराबा किया। कांग्रेस के दो सांसदों ने कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके जिसके कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गई। कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी



दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण बैठक शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद शाम चार बजे तक स्थगित कर दी गई। चार बजे कार्यवाही शुरू हुई लेकिन विपक्ष ने फिर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे को देखते हुए लोकसभा स्पीकर ने कार्यवाही को अगले 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद भी विपक्षा का शोर शराबा नहीं थमा। शाम 4.10 मिनट पर लोकसभा की कार्यवाही को अगले दिन तक स्थगित कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत द्वारा वर्ष 2019 के मानहानि के एक मामले में सजा सुनाये जाने के मद्देनजर शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने के विरोध स्वरूप कांग्रेस सदस्य सदन में काले कपड़े पहन कर आए थे। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्ष दलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे। कुछ कांग्रेस सदस्य आसन के समीप आकर तख्तियां दिखा रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी काला स्कार्फ पहने हुए थीं। नेशनल कॉन्फ्रेंस सांसद फारूक अब्दुल्ला काला कुर्ता पहनकर आए थे। इसी दौरान कांग्रेस सांसद हिबी इडेन और टी एन प्रतापन को कोई कागज फाड़कर हवा में उछालते हुए भी देखा गया। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, '' मैं सदन गरिमा के साथ चलाना चाहता हूं।श्श् कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद उन्होंने शाम चार बजे तक स्थगित कर दी। गौरतलब है कि 13 मार्च को संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के बाद से ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने की भारतीय जनता पार्टी की मांग और अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के जोर देने के कारण पिछले दो सप्ताह संसद की कार्यवाही बाधित रही थी।

## हैवानियत : रेप का विरोध करने पर आरोपी ने महिला के प्राइवेट पार्ट में डाला डंडा

### खून से लथपथ खेत में मिली नवविवाहिता

संवाददाता

जौनपुर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बना दिए हैं उसके बावजूद भी महिलए, बेटियां हर दिन कहीं नहीं कहीं दरिंदगी की शिकार होती हुई दिखाई पड़ती है। ऐसा ही ताजा मामला उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से सामने आया है। जहां पर शौच के लिए गई खेत में गई विवाहिता के साथ उसके पड़ोसी युवक ने रेप की घटना को अंजाम देने की कोशिश की।

विवाहिता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने नवविवाहिता के प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया। पीड़िता खेत में खून से लथपथ कराहती रही। मामले की जानकारी जब परिजनों को हुई तो आनन-फानन में विवाहिता को जिला अस्पताल पहुंचा। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक बदलापुर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता घर से महज 100 मीटर दूर खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान आरोपी ने महिला को दुष्कर्म की नीयत से दबोच लिया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया। जिससे महिला का प्राइवेट पार्ट जख्मी हो गई। पीड़िता बेहोश होकर गिर गई। खून से लथपथ कराहती रही। जब महिला के परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो उसे अस्पताल पहुंचा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बदलापुर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता शौच के लिए खेत में गई थी। इस दौरान एक युवक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। जब महिला ने इसका विरोध की तो आरोपी ने हैवानियत की हदें पार करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में डंडा डाल दिया।


जिससे उसका प्राइवेट पार्ट पूरी तरह से जख्मी हो गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया जाएगा।

# नैनी जेल पहुंचा अतीक अहमद

### यूपी के मंत्री बोले– सुरक्षा के किए गए हैं पुख्ता बंदोबस्त

संवाददाता

लखनऊ। माफिया अतीक अहमद गुजरात के साबरमती जेल से नैनी जेल में पहुंच गया है। अपहरण के एक मामले में अन्य आरोपियों के साथ अतीक अहमद के कल प्रयागराज के एक अदालत में पेश किया जाएगा। इसको लेकर अतीक अहमद के कुछ साथियों को भी नैनी जेल लाया गया है। पूरे मामले पर उत्तर प्रदेश के जेल मंत्री धर्मवीर प्रजापति का भी बयान सामने आया है। धर्मवीर प्रजापति ने साफ तौर पर कहा है कि नैनी जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके अलावा बैठक में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। अपने बयान में धर्मवीर



प्रजापति ने कहा कि हमने कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था कर रखी है। जैसे कोर्ट ने निर्देश दिया कि अगर वो समय से जेल पहुंचता है तो उसे (अतीक अहमद) जेल में रखा जाए। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि हमने कैमरे की व्यवस्था की और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा। अतीक को 6 गाड़ियों के काफिले से यूपी के प्रयागराज लाया गया था। अतीक अहमद के भाई अशरफको भी नैनी जेल लाया गया है। इसके अलावा नैनी जेल के मुख्य द्वार पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगायी गई थी। नैनी केंद्रीय जेल के एक उच्च अधिकारी ने बताया की अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। शर्मा के मुताबिक अदालत के आदेश के तहत माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज लाया गया है। अहमद समाजवादी पार्टी (सपा) का पूर्व सांसद है और जून 2019 से साबरमती जेल में बंद है। उत्तर प्रदेश में जेल में रहने के दौरान रियल एस्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल के अपहरण और मारपीट के आरोप में उच्चतम न्यायालय ने उसे वहां स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि हालिया उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में उसका नाम है। इसी बीच सोमवार सुबह प्रयागराज जाते समय अहमद को ले जा रहे वाहन ने शिवपुरी जिले में एक गाय को टक्कर मार दी। सुबह करीब छह बजकर 25 मिनट पर हुई इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने कहा कि हालिया उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में उसका नाम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुब्रत पाठक ने कहा था कि माफिया विकास दुबे की तरह अतीक अहमद की गाड़ी पलट जाए तो उन्हें हैरानी नहीं होगी।

## एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में सिंगर समर सिंह समेत 2 के खिलाफ मामला दर्ज, मां ने लगाए गंभीर आरोप

संवाददाता

वाराणसी। भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या मामले में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सारनाथ थानाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने सोमवार को बताया कि मुंबई से वाराणसी पहुंची आकांक्षा की मां मधु दुबे की तहरीर पर भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले आकांक्षा की मां ने बताया कि बीते 21 मार्च को आकांक्षा बस्ती में शूटिंग कर रही थी। तब मोबाइल पर भोजपुरी गायक समर के भाई संजय सिंह का फोन आया था और वह धमकी दे रहा था कि तुमको जान से



मरवा देंगे। आकांक्षा की असिस्टेंट रेखा ने भी बताया कि मैडम सेट पर जोर-जोर से रही थीं। जिस भोजपुरी गायक समर सिंह पर आरोप लगा है वो रविवार से ही गायब है। इतना ही नहीं मां ने कहा कि समर सिंह आकांक्षा को बहुत प्रताड़ित करता था। समर सिंह चाहता था कि आकांक्षा सिर्फ उसके साथ ही काम करे और किसी के साथ नहीं। साथ में काम करने पर पैसा नहीं देता था। किसी दूसरे की फिल्म या गाने में काम करने पर मारता-पीटता था। गौरतलब है कि भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे रविवार को वाराणसी के सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में मृत पाई गई थीं।

आकांक्षा दुबे का शव पंखे पर दुपट्टे से लगाये गए फंदे से लटकता पाया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (सारनाथ) ज्ञान प्रकाश राय ने रविवार को कहा था कि आकांक्षा के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लगता है। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की रहने वाली आकांक्षा एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में वाराणसी आयी थीं और सारनाथ थानाक्षेत्र के एक होटल में ठहरी थीं। रविवार की सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आई तो साथियों के कहने पर होटल के कर्मचारियों ने मास्टर चाभी से उसके कमरे का गेट खोला।

### बिजली सब्सिडी पर एलजी और केजरीवाल सरकार के बीच सियासी घमासान

नयी दिल्ली। दिल्ली में बिजली सब्सिडी को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। सोमवार को इस मामले पर दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा कि बिजली वितरण कंपनियों के साथ एलजी के सांठगांठ पर सवाल उठ रहे हैं। आतिशी ने कहा कि ऐसा लगता है कि दिल्ली सरकार की मुफ्त बिजली योजना को रोकने के लिए उच्च स्तर पर व्यापक स्तर की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि मुफ्त की बिजली से जुड़ी फाइल मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री को नहीं दिखाई जा रही। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिजली वितरण कंपनियों का 'कैग पैनल में शामिल लेखा परीक्षकों से ऑडिट कराने का निर्देश दिया है।

# सावरकर विवाद : राहुल-उद्धव मिलेंगे, मतभेद दूर करेंगे

एजेंसी

मुंबई। एक ताजा घटनाक्रम में, शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राहुल गांधी जल्द ही सावरकर विवाद को दूर करने के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। यह बात राज्य कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कही। साथ ही, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने भी इसी मुद्दे पर गांधी से मिलने और मामले को सुलझाने की अपनी योजना की घोषणा की। सत्तारूढ़ शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन ने ठाकरे पर कटाक्ष किया। एक दिन पहले ठाकरे ने सार्वजनिक रूप से कांग्रेस नेता से स्वातंत्र्यवीर विनायक डी. सावरकर का अपमान करने से बचने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा था कि मैं माफी नहीं मांगूंगा, क्योंकि मैं सावरकर नहीं हूं, गांधी हूं। भाजपा के खिलाफलड़ाई में राहुल गांधी को अपने पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए, ठाकरे ने उनसे (गांधी) से आग्रह किया कि वीर सावरकर जो हमारे आदर्श हैं, उन्हें निशाना बनाने से बचें।

रविवार देर रात नासिक के मुस्लिम बहुल मालेगांव शहर में एक विशाल रैली ठाकरे ने कांग्रेस नेता को संबोधित करते हुए कहा, मैं सार्वजनिक रूप से राहुल गांधी से अपील कर रहा हूं, आप बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, देश के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन, सावरकर हमारे आदर्श हैं, हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसका समर्थन करते हुए, राउत ने कहा कि वीर सावरकर हमारे विश्वास का विषय हैं, और इस तरह के बयान असहनीय हैं, यह कहते हुए उन्होंने कहा कि वह नयी दिल्ली में एक या दो दिन में गांधी से बात करेंगे और मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करेंगे। इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) ने नवंबर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सावरकर के प्रति गांधी की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। हालांकि, कांग्रेस ने महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में अपने संबंधों के टूटने की संभावना से इनकार किया। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंधे और सांसद रजनी ए. पाटिल ने कहा कि सावरकर मुद्दे पर उनका रुख स्पष्ट है।

इसी तरह, पटोले ने घोषणा की कि सावरकर मामले पर कांग्रेस का रुख सभी को अच्छी तरह से पता है और संकल्प लिया कि पार्टी कोई वैचारिक समझौता नहीं करेगी।

CMYK

## संपादकीय

# चीन-रूसी जुगलबंदी

चीनी सत्ता, पार्टी व पीएलए में एक और पारी हेतु अपनी जगह मजबूत करने के बाद शी जिनपिंग अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में बड़ी भूमिका निभाने के लिये उतावले हैं। कहीं न कहीं विश्व राजनीति के दूसरे ध्रुव रूस की यूक्रेन युद्ध के बाद घटती वैश्विक स्वीकार्यता से पैदा हुए शून्य को भरने की कोशिश शी जिनपिंग करते नजर आ रहे हैं। मध्यपूर्व में दो विपरीत ध्रुवों ईरान व सऊदी अरब में मेल-मिलाप कराने में मिली सफलता के बाद शी जिनपिंग अब खुद को वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की कवायद में जुटे हैं। शी की रूस यात्रा को इसी कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। वे यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिये पेश शांति योजना के जरिये दुनिया का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इस यात्रा को रूस व चीन मित्रता की सीमाओं से परे बता रहे हैं। बहरहाल, रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच बीजिंग अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में बढ़त हासिल करने की आकांक्षा को दर्शा रहा है। वहीं रूस का सरकारी मीडिया भी अब संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों की दुहाई, सभी देशों की वैध सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करने और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के अनुकूल प्रयासों का समर्थन करने पर बल दे रहा है। वहीं दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन कोरोना संकट और वैश्विक मंदी के प्रभावों से उबरने की कोशिश के बीच वैश्विक औद्योगिक व आपूर्ति शृंखला की स्थिरता सुनिश्चित करने की जरूरत भी बता रहा है। निस्संदेह, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने मित्र देश चीन के मुखिया के रूस आगमन से उत्साहित हैं। वह भी ऐसे समय में जब अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कथित युद्ध अपराधों के लिये उनके खिलाफगिरफ्तारी वारंट जारी किया है। जिसके बाद पुतिन बचाव की मुद्रा में नजर आ रहे हैं। हालांकि, मास्को व बीजिंग ने अदालत के फैसले की निंदा की है। वास्तव में चीन मजबूती के साथ रूस के समर्थन में डटा है।दरअसल, चीन रूस से मित्रता निभाते हुए अपनी छवि को एक शांति स्थापक के रूप में बनाने की कोशिश में है। विडंबना देखिये कि तमाम पड़ोसियों के खिलाफगाहे-बगाहे हमलावर रहने और छोटे देशों को धमकाने के प्रयासों में लगे रहने वाला चीन आज शांति की दुहाई दे रहा है। दरअसल, चतुर रणनीतिकार शी यूरोप में प्रभाव बढ़ाने के साथ यूक्रेन युद्ध में खुद को प्रभावी पक्ष के रूप में दर्शाना चाहते हैं। वहीं यह यूरोपीय कूटनीति में अमेरिका की स्थिति कमजोर करने का भी प्रयास है। यानी चीन एक तीर से कई निशाने लगाने की फिराक में है। जहां तक भारत का सवाल है तो शुरुआती दौर में युद्धरत देशों को बातचीत की मेज पर लाने के प्रयासों के बाद वह सक्रिय भागीदारी से पीछे हट गया। हालांकि, भारत की तटस्थता भी कसौटी पर है क्योंकि क्वाड सदस्य देश अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान रूस का मुखर विरोध कर रहे हैं। ऐसे में चीन की दखल के बाद भारत के लिये यूक्रेन के मुद्दे पर कूटनीतिक प्रयासों में असहजता नजर आएगी। मगर विश्व की कूटनीति में बड़ी भूमिका की आकांक्षा रखने वाला भारत महज तमाशबीन बनकर नहीं रह सकता। बहरहाल, संकटों से घिरे पुतिन के लिये शी की तीन दिवसीय यात्रा एक संबल जरूर बनेगी। यह आने वाला वक्त बताएगा कि शी की बारह सूत्रीय शांति योजना को अन्य यूरोपीय देशों का कितना सकारात्मक प्रतिसाद मिलेगा। बहरहाल, अच्छी बात यह है कि यूक्रेन ने भी औपचारिक रूप से चीन से आग्रह किया है कि वह अपने बेहतर संबंधों के चलते रूस से युद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभाये। सवाल यह भी है कि शांति प्रयासों की दिशा में पुतिन कितने गंभीर हैं। क्या वे यूक्रेनी इलाकों में डटी सेना को तत्काल वापस बुलाएंगे? क्या यूक्रेन के हासिल इलाकों को लौटाने को राजी होंगे? सवाल यह भी है कि रूस के करीब चीन के प्रयासों को नाटो देशों व अमेरिका का समर्थन मिल पायेगा?

# चीन, जापान और रूस

दुनिया में जितनी तेजी से टकराव बढ़ रहा है वह चिंता का ष्विषय है। कोई छोटी सी भूल भी विश्व युद्ध का कारण बन सकती है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शीत युद्ध के दौरान दुनिया दो खेमों में बंट गई थी। एक का नेतृत्व अमेरिका कर रहा था तो दूसरे का सोवियत संघ। दूसरे विश्व युद्ध के चार साल बाद सोवियत संघ नाटो का सदस्य बना था लेकिन दिसम्बर 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद दुनिया एक ध्रुवीय हो चुकी है। धीरे-धीरे रूस ने खुद को फिर महाशक्ति का स्वरूप ले लिया। अमेरिका और रूस अभी भी शीत युद्ध वाली मानसिकता से मुक्त नहीं हुए हैं। अमेरिका और रूस आपस में उलझे हुए हैं। अमेरिका और चीन में टकराव जारी है। दुनियाभर के देश अपनी-अपनी खेमेबाजी में बंटे हुए हैं। भविष्य में दुनिया का परिदृश्य क्या होगा कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता। रूस और यूक्रेन के युद्ध को चलते एक वर्ष से भी अधिक समय हो गया है। एक के बाद एक शहर तबाह हो रहे हैं। मानवता कराह रही है। लाखों लोग अपने ही देश में शरणार्थी हो चुके हैं लेकिन कूटनीति जारी है। कूटनीति के अलग-अलग रंग हमें देखने को मिल रहे हैं। जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा भारत दौरे के तुरन्त बाद अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच गए। उधर चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग मास्को में हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग ने रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से रूस-यूक्रेन युद्ध पर बातचीत की। दोनों देशों ने स्वीकार किया कि परमाणु युद्ध कभी नहीं होना चाहिए। शी जिन पिंग की रूस यात्रा का मकसद रूस को समर्थन देना था। इससे चीन का अपने लिए बहुत कुछ हासिल करना भी रहा। यद्यपि चीन ने युद्ध रुकवाने के लिए बातचीत करने का समर्थन किया है लेकिन इस यात्रा से रूस-चीन की नजदीकियां काफी बढ़ गई हैं। रूस से चीन को कच्चे तेल और गैस की सप्लाई में बढ़ौतरी हुई है तो चीन से रूस का निर्यात भी बढ़ा है। चीन इस समय अमेरिकी प्रभाव को खत्म कर खुद ग्लोबल लीडर बनने की कोशिश कर रहा है। एक तरफवह यह दिखा रहा है कि वह जंग रुकवाने में जुटा हुआ है तो दूसरी तरफउसने दो दुश्मनों सऊदी अरब और ईरान में समझौता करा कर अमेरिका को जबरदस्त झटका दिया है। जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने कीव पहुंच कर राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। उन्होंने जंग में तबाह यूक्रेन के औद्योगिक सैक्टर की मदद के लिए 470 मिलियन डॉलर की मदद का ऐलान किया, वहीं जापान ने नाटो ट्रस्ट फंड से यूक्रेन को गैर घातक हथियार खरीदने के लिए 30 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की है। किशिदा ने यूक्रेन को समर्थन देते हुए कहा कि संकट की घड़ी में जापान यूक्रेन के साथ खड़ा है। जापान पहले भी कई बार रूस के यूक्रेन पर हमले को लेकर ष्विरोध जता चुका है। इसके अलावा जापान ने जंग को लेकर रूस पर प्रतिबंध लगाने और यूक्रेन को मानवीय और आर्थिक सहायता देने में भी अमेरिका और यूरोपीय देशों का साथ दिया था। किसी जापानी प्रधानमंत्री का अचानक यूक्रेन पहुंचना अपने आप में चौंकाता है। क्योंष्कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जापान का कोई नेता किसी युद्धग्रस्त देश में पहुंचा है। यूक्रेन में जापान के नेता की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि भू- राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। पिछले महीने ही चीन और जापान में सुरक्षा वार्ता हुई थी। चीन और रूस के नजदीक आने का सबसे बड़ा कारण यह है कि दोनों ही देश नाटो का विस्तार नहीं चाहते। जबकि अमेरिका नाटो देशों का विस्तार चाहता है। रूस और जापान में टकराव काफी पुराना है। रूस और जापान में एक-दूसरे के प्रति घृणा का भाव दोनों देशों में हुए युद्ध के बाद से ही बरकरार है। जहां तक भारत का संबंध है, रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की भूमिका काफी चर्चा में रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दो टूक कह दिया था कि आज का दौर युद्ध का नहीं है और युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत की जरूरत है। रूस भारत का अभिन्न मित्र है इसलिए भारत ने तटस्थ रुख अपना रखा है लेकिन रूस के करीब आए चीन से भारत काफी परेशान है और लद्दाख में एलएसी पर दोनों देशों में गतिरोध बरकरार है। चीन भारत को अपना आर्थिक उपनिवेश बनाने की कोशिश कर रहा है और गुर्रा भी रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान इस समय चीन की कूटनीति के हिसाब से काम कर रहे हैं। इसकी वजह भारत को अधिक चौकन्ना रहना पड़ रहा है। कौन किसके पाले में खड़ा है यह साफहै लेकिन इतना तय है कि दुनिया पूरी तरह से उलझ चुकी है।

# हर देशवासी के दिल में है शहीदों के राजकुमार भगत सिंह

**प्रियंका सौरभ**



भगत सिंह ने अदालत में कहा था, क्रांति जरूरी नहीं कि खूनी संघर्ष शामिल हो, न ही इसमें व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए कोई जगह है। यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं है। क्रांति से हमारा तात्पर्य चीजों की वर्तमान व्यवस्था से है, जो स्पष्ट अन्याय पर आधारित है, इसे बदलना होगा। भगत ने मार्क्सवाद और समाज के वर्ग दृष्टिकोण को पूरी तरह से स्वीकार किया- ष्किसानों को न केवल विदेशी जुए से बल्कि जमींदारों और पूंजीपतियों के जुए से भी खुद को मुक्त करना होगा। उन्होंने यह भी कहा, भारत में संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक मुट्ठी भर शोषक अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए आम लोगों के श्रम का शोषण करते रहेंगे। भगत सिंह, एक प्रतिष्ठित क्रांतिकारी, विचारक, तामसिक पाठक और उस समय के पढ़े-लिखे राजनीतिक नेताओं में से एक, एक बुद्धिजीवी थे। अंग्रेजों के खिलाफहिंसक रूप से लड़ने के बावजूद, उन्होंने पढ़ने और लिखने के अपने जुनून को लगातार जारी रखा। उन्होंने देशभक्ति के अपने पंथ के पक्ष में तर्कों से खुद को लैस करने के लिए अध्ययन किया और विपक्ष द्वारा पेश किए गए तर्कों का सामना करने के लिए खुद को सक्षम बनाया। वह युवाओं द्वारा पूजनीय थे, ब्रिटिश राज से घृणा करते थे और महात्मा गांधी के अलावा किसी और के विरोध में नहीं थे, अन्य क्रांतिकारियों की तरह उन्होंने मातृभूमि की आजादी का सपना देखा था। सरकार के खिलाफहिंसा में वे जितना शामिल थे, उन्होंने अपने विवेक का इस्तेमाल किया और अहिंसा और उपवास को ब्रिटिश सत्ता के वर्चस्व को तोड़ने के लिए एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने हमेशा मानवीय गरिमा और सांप्रदायिक विभाजन से परे अधिकारों की वकालत की। क्रांतिकारी विचारधारा, क्रांतिकारी संघर्ष के रूपों और क्रांति के लक्ष्यों के संदर्भ में भगत सिंह और उनके साथियों द्वारा एक वास्तविक सफलता हासिल की गई थी। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन मेनिफेस्टो (1925) ने घोषणा की कि यह उन सभी प्रणालियों को समाप्त करने के लिए खड़ा किया जो मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण को संभव बनाती हैं। इसकी संस्थापक परिषद ने सामाजिक क्रांतिकारी और साम्यवादी सिद्धांतों का प्रचार करने का निर्णय लिया था। एचआरए ने श्रमिक और किसान संगठनों को शुरू करने और एक संगठित और सशस्त्र क्रांति के लिए काम करने का भी फैसला किया था। क्रांति के निर्माण में विचारों की भूमिका पर जोर देते हुए भगत सिंह ने घोषणा की कि क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है। व्यापक पठन और गहन सोच के इस माहौल ने एचएसआरए नेतृत्व के रैंकों में प्रवेश किया। भगत सिंह ने मार्क्सवाद की ओर रुख किया था और उन्हें विश्वास हो गया था कि लोकप्रिय व्यापक आधार वाले जन आंदोलनों से ही एक सफल क्रांति हो सकती है। इसीलिए भगत सिंह ने 1926 में क्रांतिकारियों की खुली शाखा के रूप में पंजाब नौजवान भारत सभा की स्थापना में मदद की। सभा को युवाओं, किसानों और श्रमिकों के बीच खुला राजनीतिक कार्य करना था। भगत सिंह और सुखदेव ने छात्रों के बीच खुले, कानूनी काम के लिए लाहौर छात्र संघ का भी आयोजन किया। धैर्यवान बौद्धिक और राजनीतिक कार्य ने बहुत धीमी गति से और राजनीति की कांग्रेस शैली के समान होने की अपील की, जिसे क्रांतिकारियों ने पार करना चाहा। नई विचारधारा का प्रभावी अधिग्रहण एक लंबी और ऐतिहासिक प्रक्रिया है जबकि सोच के तरीके में त्वरित बदलाव समय की मांग थी। इन युवा बुद्धिजीवियों को क्लासिक दुविधा का सामना करना पड़ा कि कैसे लोगों को लामबंद किया जाए और उन्हें भर्ती किया जाए। यहां, उन्होंने विलेख द्वारा प्रचार का विकल्प चुनने का फैसला किया, यानी व्यक्तिगत वीर कार्रवाई के माध्यम से और क्रांतिकारी प्रचार के लिए एक मंच के रूप में अदालतों का उपयोग करके। क्रांति अब उग्रवाद और हिंसा के बराबर नहीं थी। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय मुक्ति होना था-साम्राज्यवाद को उखाड़ फेंकना था लेकिन इससे परे मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण को समाप्त करने के लिए एक नया समाजवादी आदेश प्राप्त करना था। जैसा कि भगत सिंह ने अदालत में कहा था, ष्क्रांति जरूरी नहीं कि खूनी संघर्ष शामिल हो, न ही इसमें व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए कोई जगह है। यह बम और पिस्तौल का पंथ नहीं है। क्रांति से हमारा तात्पर्य चीजों की वर्तमान व्यवस्था से है, जो स्पष्ट अन्याय पर आधारित है, इसे बदलना होगा। भगत ने मार्क्सवाद और समाज के वर्ग दृष्टिकोण को पूरी तरह से स्वीकार किया-किसानों को न केवल विदेशी जुए से बल्कि जमींदारों और पूंजीपतियों के जुए से भी खुद को मुक्त करना होगा। उन्होंने यह भी कहा, भारत में संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक मुट्ठी भर शोषक अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए आम लोगों के श्रम का शोषण करते रहेंगे। यह बहुत कम मायने रखता है कि ये शोषक ब्रिटिश पूंजीपति हैं, ब्रिटिश और भारतीय पूंजीपति गठबंधन में हैं, या विशुद्ध रूप से भारतीय हैं। उन्होंने समाजवाद को वैज्ञानिक रूप से पूंजीवाद और वर्ग वर्चस्व के उन्मूलन के रूप में परिभाषित किया। भगत पूरी तरह से और सचेत रूप से धर्मनिरपेक्ष थे - पंजाब नौजवान भारत सभा के लिए भगत द्वारा तैयार किए गए छह नियमों में से दो यह थे कि इसके सदस्यों का सांप्रदायिक निकायों से कोई लेना-देना नहीं होगा और वे धर्म को मानते हुए लोगों के बीच सहिष्णुता की सामान्य भावना का प्रचार करेंगे। व्यक्तिगत विश्वास का विषय। भगत सिंह ने लोगों को धर्म और अंधविश्वास के मानसिक बंधनों से मुक्त करने के महत्व को भी देखा- ष्एक क्रांतिकारी होने के लिए, अत्यधिक नैतिक शक्ति की आवश्यकता होती है, लेकिन आलोचना और स्वतंत्र सोच की भी आवश्यकता होती है। भगत सिंह और उनके साथियों ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक स्थायी योगदान दिया। उनकी गहरी देशभक्ति, साहस और दृढ़ संकल्प और बलिदान की भावना ने भारतीय लोगों को आंदोलित कर दिया। उन्होंने देश में राष्ट्रवादी चेतना फैलाने में मदद की। कम उम्र में ही उन्होंने व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बाध्य होने के बजाय जीवन के बड़े लक्ष्यों को महसूस किया। उन्होंने क्रांति श्आतंकवादश् आंदोलन को समाजवादी आंदोलन में बदल दिया। वह राजनीति के दो क्षेत्रों में एक महान नवप्रवर्तक थे। सांप्रदायिकता के गंभीर मुद्दों और खतरों को उठाया।

# देश बचा रहे

देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में किसी ने मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर लगवा दिए। इस पर तेजी से कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस ने लगभग सौ एफआईआर दर्ज की और छह लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बताया जा रहा है कि इनमें से दो प्रिंटिंग प्रेस के मालिक हैं। पुलिस के मुताबिक, दो प्रिंटिंग प्रेस कंपनियों को ऐसे पचास-पचास हजार पोस्टर छापने का ऑर्डर दिया था। इन कंपनियों से जुड़े लोगों ने रविवार रात से सोमवार सुबह तक ऐसे तमाम पोस्टर चिपकाए।इन प्रेस मालिकों को पोस्टरों पर प्रेस का नाम नहीं छापने की वजह से गिरफ्ष्तार किया गया है। एफआईआर में इन लोगों पर प्रधानमंत्री की छवि को खराब करने के साथ ही सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कम से कम दो हजार पोस्टर हटाए हैं और दो हजार से ज्यादा पोस्टरों को एक वैन से बरामद किया गया है। गिरफ्ष्तार किए गए शख्स ने पुलिस को बताया है कि उसे उसके नियोक्ता ने आम आदमी पार्टी मुख्यालय में पोस्टर डिलीवर करने के लिए कहा था और उसने एक दिन पहले भी ये पोस्टर डिलीवर किए थे। गौरतलब है कि इससे दो साल पहले भी कोविड के दौरान ऐसे ही मोदी विरोधी पोस्टर छापे जाने के मामले में पुलिस ने तीस लोगों को गिरफ्तार किया था और 25 एफआईआर दर्ज की थीं। अब एक बार फिर नया पोस्टर विवाद देखने मिल रहा है। आम आदमी पार्टी ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े करते हुए पूछा है कि क्या इस पोस्टर में ऐसा क्या है, जो एफआईआर करवाई गई है। आप के नेता इसे तानाशाही भरा कदम बता रहे हैं। दिल्ली में आप और भाजपा के बीच की अदावत सब जानते हैं। हालांकि आप पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगता रहा है। लेकिन अभी जिस तरह से आप के कई नेताओं पर कानूनी कार्रवाई चल रही है, उससे फिलहाल ये दोनों दल एक-दूसरे को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। राजनीति में ऐसी चुनौतियां और आरोप-प्रत्यारोप आम बात हैं और लोकतंत्र तो विपक्ष की आवाज, विरोध के सुर के कारण ही धड़कता है। अगर यह सब न हो, तो लोकतंत्र मृतप्राय हो जाएगा, फिर नयी शासन व्यवस्थाओं का रास्ता साफ होगा। जिसमें तानाशाही या सैन्य दबदबे का खतरा बढ़ जाएगा। दुनिया के कई देशों में अब एक राजनैतिक पार्टी के दबदबे, सैन्य तानाशाही या शासकों की निरंकुशता के नुकसान देख रहे हैं। भारत इन सबसे बचा हुआ है क्योंकि यहां हर पांच साल में चुनाव होते ही हैं और पांच सालों के शासन के दौरान शासन करने वाले की आलोचना भी खूब होती है। यह सब सत्ता पर अंकुश और निगरानी बनाए रखने का काम करते हैं। विपक्ष जब किसी गड़बड़ी की ओर ध्यान दिलाता है तो शासक को यह अवसर मिलता है कि वह भूल सुधार कर ले। इसी से शासन सुव्यवस्थित और पारदर्शी होता है और लोकतंत्र का मान बना रहता है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में अगर पोस्टर लग रहे हैं, तो उस पर पुलिस की कार्रवाई और तत्परता देखकर सवाल उठते हैं कि आखिर इसकी वजह क्या है। पोस्टर में प्रिंटिंग प्रेस का नाम न लिखना या सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गलत बात है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई इन गलतियों से आगे कहीं और संकेत कर रही है। देश में इससे पहले कई जगहों पर प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए बड़े-बड़े पोस्टर-बैनर लगाए जा चुके हैं। बल्कि मुफ्त राशन के थैलों से लेकर कोरोना वैक्सीन के प्रमाणपत्र तक मोदीजी की मुस्कुराती तस्वीर देखने मिली है। क्या तब भी यह पता लगाया गया कि मोदीजी की प्रशंसा में किसने पोस्टर लगाए। क्या तब भी पोस्टर हटाने की चेष्टा की गई, ताकि सरकारी संपत्ति को नुकसान न हो। अगर प्रशंसा कबूल है, तो निंदा से परहेज क्यों। वैसे भी मोदी हटाओ, देश बचाओ लिख देने से कोई सत्ता परिवर्तन तो होगा नहीं। ये बदलाव तो तब होगा, जब जनता चाहेगी। अभी आम चुनाव में एक साल का वक्त है। जिसके लिए सभी राजनैतिक दल तैयारियों में जुटे हुए हैं। भाजपा तो अगले 50 साल सत्ता का दावा करती ही है, लेकिन इसके लिए भी संविधान में बनाए नियम के मुताबिक उसे हर पांच साल में जनता के बीच जाना ही होगा। जनता अपने मताधिकार से तय करेगी कि किस राजनैतिक दल को बहुमत देकर शासन करने देना है। तो किसे हटाकर देश बचाना है, किसे लाकर देश को आगे ले जाना है, ये मसला जनता पर ही छोड़ दिया जाए। भाजपा को फिलहाल शासन करने का आदेश जनता ने दिया है, तो भाजपा उस आदेश का सम्मान करे। इस तरह की कार्रवाईयों से तो भाजपा की लोकतांत्रिक आस्था पर सवाल उठेंगे। अगर सरकार दावा करती है कि उसके शासन में लोकतंत्र का सम्मान हो रहा है, तो फिर यह दावा हकीकत में भी दिखना चाहिए। अभी कन्नड़ अभिनेता चेतन कुमार को बेंगलुरु में गिरफ्ष्तार कर लिया गया। क्योंकि उन्होंने एक ट्वीट में कुछ उदाहरणों के साथ कहा कि हिंदुत्व झूठ पर बना है। इस ट्वीट पर कुछ हिंदू-समर्थक संगठनों ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अभिनेता पर एक धर्म या धार्मिक भावनाओं का अपमान करने और वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाले बयान देने के आरोप लगाए गए और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस देश में सोशल मीडिया पर रोज न जाने कितने तरह से अल्पसंख्यकों के खिलाफ जहर उगला जाता है। तब गिरफ्तारी की घटना सुनने नहीं मिलती। अगर चेतन कुमार के ट्वीट पर आपत्ति थी, तो उसे हटाने की मांग की जा सकती थी या फिर पुष्ट तर्क देकर उनकी बात को गलत साबित किया जा सकता था। लेकिन ऐसा कुछ न करके सीधे गिरफ्तार करने का रास्ता लिया गया, जिससे यह संकेत मिलते हैं कि बहुसंख्यकों की सत्ता स्थापित करने के लिए भयाक्रांत करने का सहारा लिया जा रहा है। क्या यह स्थिति लोकतंत्र के लिए उचित है, ये सवाल सत्ताधारी खुद से करें।वैसे याद दिला दें कि 1977 में जे पी नारायण ने इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। इंदिरा गांधी को देश के लोगों ने हराया भी और बाद में बहुमत से जिताया भी। उसके बाद देश में कई शासक आए, कई हटे, लेकिन देश बचा रहा। देश अब भी बचा ही रहना चाहिए।

# राहुल गांधी के उभार ने विपक्ष के अन्य महत्वाकांक्षी नेताओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है

**अजय कुमार**

राहुल की इस टिप्पणी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने शिकायत दर्ज कराई थी। राहुल के खिलाफआपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज हुआ। बीजेपी नेता का कहना था कि राहुल गांधी ने इस टिप्पणी से पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया। अभी राहुल गांधी के लंदन में भारत विरोधी दिए गए बयान पर माफी मांगने का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था अब चार साल पुराने मानहानि के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को गुजरात की सूरत जिला अदालत ने सजा सुना दी है। ये मामला मोदी सरनेम पर की गई विवादित टिप्पणी का है। दरअसल, 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी ने कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान कहा था,' नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी का सरनेम एक ही क्यों है? सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है ?राहुल की इस टिप्पणी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने शिकायत दर्ज कराई थी। राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा दर्ज हुआ। बीजेपी नेता का कहना था कि राहुल गांधी ने इस टिप्पणी से पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया। सूरत कोर्ट ने पहले राहुल से पूछा कि क्या वह मांफी मांगेंगे तो उन्होंने कह दिया कि यह मामला माफी मांगने का नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने राहुल को दोषी करार देते हुए उन्हें दो साल की सजा सुना दी। हालांकि, अदालत से उन्हें जमानत भी मिल गई है। अदालत ने राहुल को आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी करार दिया था, लेकिन उनको ऊपरी अदालत में अपील के लिए जमानत भी दे दी गई। राहुल को सजा सुनाते ही यह भी तय हो गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस इसको बड़ा मुद्दा बनाएगी, राहुल को इस मामले को सियासी जामा नहीं पहनाना होता तो राहुल कोर्ट में माफी मांग कर बच सकते थे, जैसा वह पहले कर चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा नहीं किया यानी कांग्रेस ने इस फैसले को सियासी मसला बनाने का मन बना लिया है जिसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। इसीलिए गुजरात की सूरत कोर्ट द्वारा जब राहुल गांधी को सजा सुनाई जा रही थी, तब ही कांग्रेसी राहुल के पक्ष में बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल को सजा सुनाए जाने को लेकर प्रियंका वाड्रा सहित पूरी कांग्रेस एक्टिव मूड में आ गई है। राहुल को सजा पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। प्रियंका द्वारा कहा जा रहा है कि वह डरने वाले नहीं हैं। यानी अदालत के फैसलों पर से भी कांग्रेस का विश्वास उठता जा रहा है, जो एक गंभीर मसला है। सबसे खास बात यह है कि राहुल को सजा सुनाए जाने के चलते बीजेपी विरोधी वह नेता भी राहुल गांधी के साथ खड़े नजर आ रहे हैं जो हाल फिलहाल तक राहुल गांधी से दूरी बनाकर रखते थे, इसमें अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव जैसे तमाम नेता शामिल हैं। खैर, मोदी-राहुल के बीच की रार से किसको फायदा, किसे नुकसान हुआ की बात करें तो इस जंग का बीजेपी ने तो खूब फायदा उठाया, लेकिन कांग्रेस को इसके विपरीत परिणाम झेलने पड़े। कांग्रेस इस समय अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। उसके सांसदों की सख्या दहाई में सिमट कर रह गई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी पूरे उत्थान पर है। सबसे खास बात यह है कि मोदी-राहुल की जंग में इनकी पार्टियां भी कंधे से कंधा मिलाकर साथ चल रही हैं। दोनों दलों के दिग्गज नेता प्रेस कांफ्रेंस और ट्विट के माध्यम से एक-दूसरे पर लगातार आरोप लगाते रहते हैं। याद कीजिए आज जिस तरह से राहुल गाँधी, मोदी और अडाणी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं वैसा ही आरोप 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने राफेल विमान खरीद में दलाली और भ्रष्टाचार को लेकर लगाया था और श्चौकीदार चोर है' का नारा दिया था। कांग्रेस ने एक तरह से 2019 का लोकसभा चुनाव राहुल गांधी की अगुवाई में श्चौकीदार चोर हैश् के नारे पर ही लड़ा था, लेकिन उसे चुनाव में मुंह की खानी पड़ी थी। अब अडाणी के मामले में आरोप लगाया जा रहा है। इसमें राहुल को कितनी सफलता मिलेगी यह 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से पता चलेगा। वैसे यहां यह याद दिलाना भी जरूरी है कि राहुल गांधी ने एक बार अपने विश्वासी मित्रों के बीच कहा भी था कि मोदी को हराने के लिए उनकी ईमानदार नेता वाली इमेज को तोड़ दिया जाए तो कांग्रेस के लिए किसी भी चुनाव में जीत की राह आसान हो सकती है। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी दिक्कत है कि वह बीजेपी और मोदी को अपनी ओर से तैयार की गई सियासी पिच पर बैटिंग करने को मजबूर नहीं कर पा रहे हैं। पिछले दो आम चुनावों में बीजेपी ने अपने मनमाफिक पिच तैयार की। चुनावी जंग को मोदी बनाम अन्य के रूप में बदला और इस युद्ध में विजेता बनकर उभरी। दोनों ही बार मोदी बनाम अन्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विपक्ष का प्रमुख चेहरा राहुल गांधी रहे। 2024 के आम चुनावों में बीजेपी एक बार फिर मोदी बनाम राहुल की पिच पर ही बैटिंग करने की कोशिश में है, लेकिन विपक्षी दल बीजेपी की इस कोशिश को समझ रहे हैं। बात राहुल गांधी की कि जाए तो राहुल गांधी के सलाहकार जिस तरह की सलाहें देकर उनसे जैसे बयान उनसे दिलवा रहे हैं, उससे देश में एक संदेश जरूर जा रहा है कि राहुल परिपक्व राजनेता नहीं हैं। भारत में लोकतंत्र को कुचले



जाने का बयान वह ब्रिटेन में दे ही चुके हैं। लगे हाथों वह ब्रिटेन और अमेरिका से भारत में लोकतंत्र का गला घोंटे जाने पर ध्यान देने की बात भी कर चुके हैं। इस पर उठे बवंडर के बीच उनके बड़े से बड़े समर्थक के लिए उनका बचाव कर पाना संभव नहीं हो पा रहा है। यही नहीं, पार्टी के नेताओं की भी किरकिरी हो रही है। एक तरफ मोदी और राहुल के बीच जुबानी जंग चल रही है तो दूसरी ओर गैर कांग्रेसी दलों के बीजेपी विरोधी नेता इसे बीजेपी की सियासी साजिश बता रहे हैं। इन नेताओं को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनाव को मोदी बनाम राहुल बना करके चुनावी बढ़त बनाने की रणनीति बना रहा है। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तो यहां तक कहती हैं कि राहुल के जरिए बीजेपी, मोदी की टीआरपी बढ़ा रही है। लोकसभा चुनाव अगर मोदी बनाम राहुल के बीच फंस जाता है तो इसका भरपूर फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा और उसकी सत्ता में पुन: वापसी हो जाएगी क्योंकि आज की तारीख में मोदी के सामने राहुल गांधी कहीं टिकते नहीं हैं। राहुल का बड़बोलापन बीजेपी के लिए प्लस प्वाइंट साबित हो रहा है। राहुल गांधी जितना बोलते हैं उतना बीजेपी को फायदा होता है। बीते दिनों तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की कोलकता में मुलाकात हुई थी। अखिलेश ने अबकी से कोलकाता में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई थी। जहां वह ममता बनर्जी से भी मिले थे और गैर कांग्रेसी-गैर बीजेपी तीसरा मोर्चा बनाने की ममता से चर्चा की थी। इसी दौरान ममता ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा था कि अगर राहुल विपक्ष का चेहरा हैं तो फिर कोई भी नरेन्द्र मोदी को खराब नहीं कह पाएगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राहुल गांधी, मोदी की सबसे बड़ी टीआरपी हैं। इन दिनों जब भाजपा इस बात पर जोर दे रही है कि राहुल गांधी लंदन वाले अपने बयान के लिए माफी मांगें तब कांग्रेस यह बताने में लगी हुई है कि 'वह सावरकर नहीं हैं।' सावरकर को कोसना राहुल गांधी का प्रिय शगल है, लेकिन इसमें संदेह है कि वह अपने इस शगल से एक परिपक्व नेता के तौर पर अपनी छवि स्थापित करने में समर्थ हो जाएंगे। वास्तव में वह अपनी ऐसी छवि बना ही नहीं पा रहे हैं और इसीलिए वे विपक्ष की ताकत नहीं बन पा रहे हैं। कांग्रेस के लिए यह कहना मजबूरी हो सकती है कि राहुल भविष्य के नेता हैं, लेकिन विपक्ष ऐसा कुछ कहना जरूरी नहीं समझ रहा। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल की भागीदारी को लेकर चाहे जितनी प्रशंसा की जाए, इस यात्रा के समाप्त होने के बाद के घटनाक्रम ने उनकी छवि को वैसा ही बना दिया है, जैसी इस यात्रा के पहले थी। अपनी इस छवि के साथ वह कांग्रेस के सर्वोच्च नेता बने रह सकते हैं, लेकिन विपक्ष के नहीं बन सकते। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि एक-एक करके विपक्षी नेता इसी निष्कर्ष पर पहुंचते जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहीं ना कहीं कांग्रेस को आईना दिखाया लेकिन कांग्रेस यह बात समझने की जगह ममता पर हमलावर हो गई है। बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता पर पलटवार करते हुए यह कह दिया कि प्रधानमंत्री मोदी और उनके बीच राहुल को बदनाम करने के लिए समझौता हुआ है। उनकी मानें तो ममता बनर्जी स्वयं को ईडी और सीबीआई की कार्रवाई से बचाना चाहती हैं, इसलिए कांग्रेस के खिलाफ हो गई हैं। इस आरोप-प्रत्यारोप से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस करीब नहीं आने वालीं।

लब्बोलुआब यह है कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस या यूं कहें कि मोदी और राहुल के बीच इस समय सियासी घमासान छिड़ा हुआ है। इस घमासान की नित्य नई स्क्रिप्ट लिखी जाती है। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का जो दौर चल रहा है वह वर्षों बाद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। मोदी-राहुल के बीच कटाक्ष और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला 2014 के लोकसभा चुनाव के कुछ समय बाद शुरू हुआ था और दस वर्षों के बाद 2024 के चुनाव करीब आने तक जारी है। अब तो यह लड़ाई संसद तक में पहुंच चुकी है। राहुल गांधी के विदेश में दिए गए कुछ विवादित बयानों को आधार बनाकर बीजेपी उन पर न केवल हमलावर है, बल्कि राहुल से संसद में माफी की मांग करते हुए सत्ता पक्ष संसद की कार्रवाई भी नहीं चलने दे रहा है, इसके उलट कांग्रेस मोदी-अडाणी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर इसकी जांच के लिए संयुक्त संसदीय कमेटी बनाए जाने को लेकर अड़ी हुई है। यही वजह है कि 13 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र कामकाज बिलकुल ठप्प पड़ा है। इस सत्र में आम बजट पर चर्चा और उसे पारित करवाने समेत कुछ अहम सरकारी काम निपटाने होते हैं। संसदीय इतिहास में संभवत: कम ही ऐसे मौके आये होंगे जब विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष भी सदन नहीं चलने दे रहा है, वह भी एक सांसद से माफी की मांग को लेकर। क्योंकि इस समय कांग्रेस में राहुल गांधी की हैसियत एक सांसद से अधिक कुछ नहीं है। बीजेपी की इस चुनावी रणनीति में राहुल को सूरत कोर्ट से मिली दो साल की सजा का भी तड़का लगना तय है। बीजेपी इसके सहारे राहुल गांधी के खिलाफलगातार हमलावर रहेगी।

# दिव्यांग छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला

संवाददाता

लखनऊ। नेशनल सेंटर फॉर प्रोमोशन ऑफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपुल (एनसीपीईडीपी) ने दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम की पेशकश करने के उद्देश्य से भारत की अग्रणी वित्तीय सेवा प्रदाता बजाज फिनसर्व लिमिटेड के साथ भागीदारी की है। एनसीपीईडीपी की ओर से रविवार को दिव्यांग छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नि:शक्त व्यक्तियों के अधिकारों और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से लागू कल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी गई। एनसीपीईडीपी-बजाज फिनसर्व छात्रवृत्ति कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुल 100 दिव्यांग छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।इसके लिए चयनित दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा, श्दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करने के लिए एनसीपीईडीपी और बजाज फिनसर्व लिमिटेड सराहना के पात्र हैं। दिव्यांग जनों का समावेशी सशक्तिकरण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा, श्बजाज फिनसर्व के साथ मिलकर दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हमें बेहद प्रसन्नता है। शिक्षा सशक्तिकरण की कुंजी है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक दिव्यांग छात्र के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करना सुलभ हो।श्उन्होंने कहा कि एनसीपीईडीपी-बजाज फिनसर्व छात्रवृत्ति कार्यक्रम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के दिव्यांग छात्रों को शिक्षा के लिए सहयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। जागरूकता कार्यशाला में दिव्यांग छात्रों को उनके लिए सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस तरह के आयोजन में ज्ञान के आदान-प्रदान से दिव्यांग छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी !कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोगों ने भारत में निरूशक्त जनों के अधिकारों, उनसे जुड़े मुद्दों और चुनौतियों के संदर्भ में व्यावहारिक दृष्टिकोण तथा रोजगार के अवसरों के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी हासिल की। इस दौरान विद्यार्थियों को रोजगार के टिप्स भी दिए गए।श्एनसीपीईडीपी-बजाज फिनसर्व छात्रवृत्तिश् में जरूरत और बजट के अनुसार दिव्यांग छात्रों के लिए ट्यूशन फीस, सहायक प्रौद्योगिकी लागत और अन्य संबंधित खर्च शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दिव्यांग छात्रों कशिक्षा और सशक्तिकरण के लिए एनसीपीईडीपी और बजाज फिनसर्व की प्रतिबद्धता का प्रतिफल है। यह पहल अधिक समावेशी समाज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके जरिये दिव्यांग छात्रों को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

# सारस पक्षी के दोस्त आरिफ पर दर्ज एफआईआर

## जान बचाने वाले इंसान को डराना चाहती सरकार : अखिलेश

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सारस पक्षी के दोस्त आरिफ पर दर्ज एफआईआर को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जान बचाने वाले पर केस दर्ज कर उसे डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैंने एक हाथी को एक्सप्रेसवे पर चल रहा था उसे ट्वीट कर दिया तो उसके महावत को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि ठीक बात है उसे गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन है उस आधार पर कार्रवाई होनी ही चाहिए। सरकार कभी-कभी लाइन्स को निरस्त करती है। जिसके पास हाथी था उसे सरकार को वापस भी करना पड़ा था। अखिलेश ने कहा कि 2019 में एक कहावत की हाथी ने हत्या की उस समय अधिकारी तब कहां थे क्योंकि वह मुख्यमंत्री जी का स्वजातीय था इसलिए वन विभाग सो गया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी का स्वजातीय और उनके पड़ोसी होने के नाते उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दरअसल, जामो विकासखंड के मांडका गांव के 30 वर्षीय मोहम्मद आरिफ ने फरवरी 2022 में एक खेत में घायल सारस को कुत्ते नोच रहे थे इस दौरान आरिफ उसकी मदद की। उसके बाद सारस और आरिफएक दोस्त की तरह रहने लगे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसके बाद उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरिफ के घर पहुंच कर उसे बधाई दी। जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने सख्त एक्शन लेते हुए सारस को पक्षी विहार में छोड़ने का आदेश दिया। उसके बाद उसे बरेली के पक्षी विहार में उसे छोड़ दिया गया। आरिफसे अलग होने के बाद सारस ने पक्षी विहार से कही और चला गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम सारस को ढूंढने लगी। बाद में वन विभाग ने सारस को पकड़ पक्षी विहार ले आई। जो डॉक्टरों की निगरानी में रहा लेकिन वह आरिफके बिना गुम सुम रह रहा था। फिलहाल अब कानपुर चिड़ियाघर पक्षी विहार में 15 दिन लिए क्वारंटाइन रखा गया है। इसके बाद इसको चिड़ियाघर के उस बड़े हिस्से में छोड़ा जाएगा, जहां वो पेड़ों पर बैठ सकेगा। चिड़ियाघर प्रशासन ने बताया कि सारस एकदम स्वस्थ है और प्रोटोकॉल के चलते 15 दिन की निगरानी में है। यहां केयर टेकर के अलावा किसी को जाने की अनुमति नहीं है। हालांकि पक्षी प्रेमी आरिफपर केस दर्ज होने के बाद से सोशल मीडिया पर लोगों आरिफकी सराहना कर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हरे रंग में रंगा 51 शक्तिपीठ

संवाददाता, लखनऊ। नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में चल रहे नवरात्र महोत्सव में रविवार को मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना हुई। इस मौके पर मां का हरिताम्बर श्रंगार किया गया। मां के वस्त्र हरे रंग के थे तो पूरा मन्दिर हरे रंग की रोशनी से जगमगा रहा था। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें पुष्पा दीक्षित ने 'स्वीकार करो जगदम्बे मां मेरी आरती' भजन सुनाया। मन्दिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि आज पीण्डी पूजन आचार्य मयंक पाण्डेय और वन्दना पाण्डेय ने किया।

### सुनहरी शाम सांवरिया के नाम का आयोजन 3 अप्रैल को

संवाददाता, लखनऊ। श्री श्याम भक्त परिवार की ओर से सुनहरी शाम सांवरिया के नाम का आयोजन 3 अप्रैल को माधव सभागार, निराला नगर में किया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव की शुरुआत श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भव्य भजनोत्सव से होगी। भजनों की धमाल शाम 7 बजे शुरु होगी जो प्रभु की इच्छा तक चलेगी उन्होंने बताया कि माधुर्य रस धारा को प्रवाहित करने के लिए खलीलाबाद से श्याम जगत के विश्व विख्यात भजन प्रवाहक सरदार हरमहेंद्र सिंह रोमी, जयपुर के दलजीत सिंह और लखनऊ के पवन मिश्रा आ रहे हैं सभी अपने भजनों के रस से श्याम प्रभु का गुणगान कर भक्तों को भाव-विभोर कर झूमने पर मजबूर करेंगे। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि 3 अप्रैल को होने वाले भजनोत्सव के लिए श्याम प्रभु का भव्य व मनोहारी दरबार बनाने के लिए कोलकाता के कारीगरों को बुलाया जा रहा है जो बाबा श्याम का भव्य व मनोहारी दरबार सजायेंगे। प्रेम अग्रवाल ने बताया कि दरबार में विराजमान बाबा श्याम के श्रंगार के लिए दिल्ली एवं कोलकाता के कारीगरों द्वारा देशी-विदेशी फूलों एवं विभिन्न प्रकार की मेवे की माला तैयार करायी जा रही है जिससे बाबा श्याम का श्रंगार होगा।

### प्रधानमंत्री के मन में महिलाओं के लिए उच्चतम स्थान : गीता शाक्य

संवाददाता, लखनऊ। विद्यावती वार्ड तृतीय में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 99 वा एपिसोड था। प्रधानमंत्री ने जनता का उद्बोधन करते हुए महिला सशक्तिकरण ,अंगदान और सौर ऊर्जा उपकरणों से देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने के प्रयास की सराहना की गई। जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन में महिलाओं के लिए उच्चतम स्थान है। जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया गया, उसी प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर हर व्यक्ति को देश हित में अनेकानेक कार्यों को करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कल्पना तिवारी ,कार्यक्रम संयोजक रमां सिंह ,क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गोदावरी मिश्रा, पार्षद कमलेश सिंह ,पार्षद कौशलेंद्र ,मंडल अध्यक्ष नीता दीक्षित ,शक्ति केंद्र संयोजक प्रशांत दीक्षित ,बूथ अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, आम जनता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साहू समाज ने प्रतिभा सम्मान देकर कार्यक्रम किया संपन्न

संवाददाता, लखनऊ। शहीद स्मारक के सामने गांधी भवन में साहू समाज जिला लखनऊ के तत्वधान में प्रतिभा सम्मान एवम होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन चेयरमैन रामचन्द्र साहू, उमाशंकर, गोविंद साहू, रामपाल साहू, अनुराग साहू, राजेश साहू द्वारा किया गया। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि लखनऊ सुप्रसिद्ध भजन गौरव गोस्वामी ग्रुप से भजनों में राधे राधे बोलिए, फूलो में सज रहे हैं वृंदावन बिहारी, जग में सुंदर दो नाम चाहे कृष्ण कहो चाहे राम, गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो भजन सुनाए वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वजातीय बच्चों के ग्रुप ने फूलो की होली खेलकर कार्यक्रम भव्य बना दिया बतौर अतिथि पद्मश्री अशोक साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि माया आनंद, राजित लाल गुप्ता, अमृत लाल गुप्ता, बालकदास गुप्ता, संतोष कुमार साहू, सिद्ध गोपाल साहू, राधे श्याम साहू, डॉ पी के गुप्ता, सुरेंद्र माथुर, अश्वनी साहू, संदीप साहू, सतीश साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, डॉ आशा साहू, बी एल गुप्ता, जैनेंद्र कुमार गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाई, इंटर, ग्रेजुशन में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रतिभा सम्मान में पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र, मेमोंटो अतिथियों द्वारा 140 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### वीएचपी अध्यक्ष पर भू माफिया ने किया हमला

संवाददाता, लखनऊ। राजधानी लखनऊ मे थाना गुडंबा के अंतर्गत सुरेंद्र सिंह विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष (भरत नगर पश्चिम) व पेशे से अधिवक्ता पर भू माफिया कमलेश यादव ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सुरेंद्र सिंह ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनके संगठन में कल्लू कोरी सह प्रमुख गो सेवक के पद पर है तथा कमलेश यादव कल्लू कोरी की जमीन पर कब्जा करने की नियत से कई बार प्रयास कर चुका है। जिसकी सूचना प्रशासन को दी जा चुकी है जिसकी जांच चल रही है इस क्रम में कमलेश यादव ने सुरेंद्र सिंह को पूर्व में धमकाया भी था कि कल्लू की मदद करने की कोशिश की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। कमलेश यादव खुद को भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बताता है। आगे सुरेंद्र सिंह बताते हैं जब हम कमलेश की धमकी से नहीं डरे तो उसने अपने साथियों के साथ शाम लगभग 5. 50 पर मेरा मार्ग रोक कर हाथापाई करने लगे तथा मेरे गले की चेन छीन ली विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिसमें सुरेंद्र सिंह घायल हो गए तत्पश्चात उन्होंने लगभग शाम 7.00 बजे अपना मेडिकल बलरामपुर अस्पताल में करा कर 24 मार्च को पूरे घटनाक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को आईजीआरएस के माध्यम से एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद, एवं जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त उत्तरी, पुलिस आयुक्त लखनऊ, सहायक पुलिस आयुक्त गाजीपुर लखनऊ, एवं प्रभारी निरीक्षक गुडंबा थाना लखनऊ को दी।

# मेधावी छात्र छात्राओं को डाक विभाग ने दी छात्रवृत्ति

❑ दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत चयनित मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र प्रदान

संवाददाता



लखनऊ। आधुनिक अद्योगिकी के युग में बच्चों के अन्दर अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना स्कालरशिप फार प्रमोशन आफ एप्टीट्यूड एंड रिसर्च इन स्टैम्प एज ए हॉबी के नाम से एक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों के लिए संपन्न हुई, शौक के तौर पर डाक टिकटों के प्रति अभिरुचि तथा इस क्षेत्र में शोध के प्रचार-प्रसार हेतु दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत चयनित मेधावी छात्रों को रु 6000 रूपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राज्य स्तर पर कक्षा 6 से 9 तक लखनऊ जीपीओ से चयनित 12 मेधावी छात्र छात्राओं क्रमश: लखनऊ के मॉडर्न स्कूल से ओजस कपूर, हमीदा हसन फरही, सूर्या पब्लिक स्कूल से अनन्या श्रीवास्तवा, नवयुग रेडिएंस स्कूल से सताक्शी तिवारी, अनुकृति, फरहा मोनिस, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल से रुद्रांश गर्ग तथा महर्षि विद्या मंदिर से अभियोदय श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, अंश अवस्थी, अभिनव अवस्थी एवं दक्षिता जयसवाल को जीपीओ के सीपीएम सुशील कुमार तिवारी ने प्रमाणपत्र एवं वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में युवराज सिंह डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, अमित कुमार मेनेजर बीएनपीएल, तपस कुमार गौतम डिप्टी पोस्टमास्टर तथा विनोद कुमार राय सहायक पोस्टमास्टर तथा शरद कपूर जन संपर्क निरीक्षक, लखनऊ जीपीओ आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ बनेगा आंबेडकर का प्रमुख वैचारिक केन्द्र

❍ डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

संवाददाता

लखनऊ। डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का एक प्रतिनिधि मण्डल केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल के नेतृत्व में सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल ने डॉ. आंबेडकर स्मारक के क्रियाकलापों के बारे में मुख्यमंत्री से विचार विमर्श किया। डॉ. निर्मल के बताया कि लखनऊ में स्थापित भारतरत्न डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, डॉ. आंबेडकर का वैचारिक केन्द्र बनेगा। इस स्मारक में डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का प्रदर्शन स्मारक के संग्रहालय में प्रति दिवस किया जाएगा। चूँकि डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों से बड़ा लगाव था इसलिए स्मारक में एक भव्य लाइब्रेरी बनाई जा रही है। इसके अतिरिक्त आडिटोरियम तथा विपस्सना केन्द्र भी यहां से संचालित होंगे। डॉ. आंबेडकर स्मारक समग्रता को उजागर करने के लिए एक शोध केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगा। स्मारक डॉ. आंबेडकर के विचार एवं दर्शन को देश विदेश में जनसमूहों तक प्रसारित करेगा। इसके माध्यम से शोधार्थियों को शोधवृत्ति, छात्रवृत्ति, अध्ययनवृत्ति प्रदान किया जाएगा। सांस्कृतिक केन्द्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार एवं संवाद भी आयोजित किए जायेंगे। डॉ. आंबेडकर के विचारों एवं दर्शन का समीक्षात्मक अध्ययन, अनुवाद एवं संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन कर साप्ताहिकध्मासिक ध्वार्षिक पत्रिका, शोध पत्र आदि के प्रकाशन सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। डॉ. निर्मल ने बताया कि यह केन्द्र देश में डॉ. आंबेडकर का प्रमुख वैचारिक केन्द्र बनेगा।

# एलडीए ने दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग व हुसैनगंज में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ में अवैध निर्माण पर एलडीए का अभियान जारी है। वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी के आदेश के बाद दुबग्गा थानाक्षेत्र में दो स्थानों पर की जा रही अवैध को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा हुसैनगंज में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जोन-7 के जोनल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि फुरकान अहमद की ओर दुबग्गा में शेखपुरवा रोड पर मस्जिद के बगल में लगभग 25000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूना सिटी फेज-2 नाम से अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या -309 /2022 योजित किया गया था। इसके अतिरिक्त जुबैर व फकीले लाल द्वारा जेहटा माल रोड पर लगभग 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या-266/2022



योजित किया गया था। विपक्षी द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र,तलपट मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। स्थल पर अवैध रूप से कच्ची-पक्की सड़क, नाली, बाउंड्रीवॉल, कार्यालय, गेट आदि का निर्माण कराते हुए प्लाटिंग का कार्य कराया जाता रहा। पर ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गये थे। इस दौरान सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शिव प्रताप सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह व शशिभूषण मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के लोग मौके पर थे। जोन-6 के जोनल अधिकारी रामशंकर ने बताया कि सचिन चौरसिया द्वारा हुसैनगंज की नई बस्ती में हैवलक रोड पर भवन संख्या-14/343 पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसमें विपक्षी द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखाया गया था। चोरी-छिपे निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिस पर ध्वस्तीकरण आदेश जारी किया गया था। उसी आदेश के तहत सहायक अभियंता लल्लन प्रसाद के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय मिश्रा, रंगनाथ सिंह व शिवकुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग अभियान चलाया गया।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने किया 'संकल्प सत्याग्रह

संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस ने राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद उनके समर्थन में रविवार को राजधानी लखनऊ में कांग्रेस पार्टी ने संकल्प सत्याग्रह शुरू किया। संकल्प सत्याग्रह कायक्रम में उत्तर प्रदेश पार्टी अध्यक्ष समेत सैकडों कांग्रेस कार्यकताओ ने शांति पूर्व तरीके से भाजपा सरकार का विरोध किया।देश की राजधानी दिल्ली के राजघाट पर एकदिवसीय 'संकल्प सत्याग्रह शुरू किया। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल, पी चिदंबरम और सलमान खुर्शीद समेत कई नेता राजघाट पर सत्याग्रह में शामिल हुए। धरना स्थल पर जयराम रमेश, मुकुल वासनिक, पवन कुमार बंसल, शक्तिसिंह गोहिल, ज्योतिमणि, प्रतिभा सिंह और मनीष चतरथ भी मौजूद थे। पुलिस ने राजघाट पर सत्याग्रह की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके बावजूद पार्टी के कई नेताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया और परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए। दिल्ली पुलिस ने एक पत्र में कहा कि कानून-व्यवस्था एवं यातायात संबंधी कारणों से सत्याग्रह करने के अनुरोध को खारिज किया गया और राजघाट में एवं इसके आसपास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सत्याग्रह की अनुमति नहीं दी गई है और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के इस कदम का जवाब देते हुए वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, ''संसद में हमें चुप कराने के बाद सरकार ने हमें बापू (महात्मा गांधी) की समाधि पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, ''विपक्ष के किसी विरोध प्रदर्शन के लिए मंजूरी नहीं देना (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार की आदत बन गई है। इससे हम रुकेंगे नहीं। सत्य के लिए, अत्याचार के खिलाफहमारी लड़ाई जारी है। कांग्रेस ने राजघाट के बाहर एक मंच बनाया है और वह मानहानि से जुड़े 2019 के एक मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने एवं उसके बाद लोकसभा से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफप्रदर्शन कर रही है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध में रविवार को सभी राज्यों और जिला मुख्यालयों में महात्मा गांधी की प्रतिमाओं के सामने एकदिवसीय सत्याग्रह करने की घोषणा की थी।

# लोकसभा चुनाव खातिर बनी बीजेपी की नई टीम

## सभी समीकरण और पहलुओं का रखा ख्याल,अल्पसंख्यक टीम में नदारद

संवाददाता

लखनऊ। 2024 में लोकसभा चुनाव होने है। वही अगले 3 महीने में स्थानीय निकाय के चुनाव भी होंगे जो लोकसभा का सेमीफाइनल माने जा सकते हैं। केंद्र में सरकार के लिए यूपी फतह जरूरी है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं जो दिल्ली की सल्तनतदिलाने की कूबत रखते हैं। बीजेपी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते प्रदेश संगठन की टीम बनी है। 51 पदाधिकारियों के नामों की कल 25 मार्च को घोषणा हुई। प्रदेश टीम में 45 प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा 6 क्षेत्रों के क्षेत्रीय अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। लिस्ट में 25 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं। अगड़े, पिछड़े और दलितों का प्रतिनिधित्व देकर संतुलित टीम बनाने की कोशिश हुई



है।यूपी के भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की टीम में सभी पदाधिकारी हिंदू हैं, मुस्लिम या अन्य धर्म से आने वाले को जगह नहीं मिली है। भूपेंद्र चौधरी की टीम में जातिगत समीकरण का खयाल रखा गया है। नई टीम में 10 ब्राह्मण, 10 ओबीसी, 9 अनुसूचित जाति, 7 राजपूत सहित अन्य जातियों का प्रतिनिधित्व रखा गया है।ब्राह्मणों में 4 उपाध्यक्ष, 1 महामंत्री, 3 मंत्री, 1 मुख्यालय प्रभारी और 1 क्षेत्रीय अध्यक्ष शामिल हैं। 9 पदाधिकारी दलित वर्ग से आते हैं।ओबीसी समाज से 10 नेताओं को टीम में जगह मिली है, जिसमें 1 यादव समाज से, 2 मौर्या समाज और 1 लोधी समाज से हैं, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल दोनों पिछड़े वर्ग के हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बदलाव किया गया है। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव और प्रभारी महामंत्री सुब्रत पाठक टीम में नही है। कन्नौज से सांसद सुब्रत पाठक काशी क्षेत्र के प्रभारी थे लेकिन उन्हें जगह नहीं दी गई है। शायद कन्नौज जैसी महत्वपूर्ण सीट पर 2024 में फोकस करने के लिए सुब्रत पाठक को संगठन की जिम्मेदारी से दूर रखा गया है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के बाद घोषित बीजेपी की प्रदेश टीम में एक नाम पूर्व मंत्री सुरेश पासी का, जो राहुल गांधी की सीट रही अमेठी से आते हैं। राहुल गांधी 2019 में अमेठी से स्मृति ईरानी से हार गए थे। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री रहे सुरेश पासी को प्रदेश टीम में रखा गया है। पासी को योगी के दूसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। दलितों में पासी समाज से आने वाले सुरेश पासी को अब संगठन में लाया गया है।2024 के लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट के महत्व को देखते हुए पासी का प्रदेश टीम में लिया गया है। आना रणनीति का हिस्सा मालूम पड़ता है। संगठन के लिहाज से बीजेपी ने 6 क्षेत्रों में बांटा है। 6 मे एक क्षेत्रीय अध्यक्ष के निधन के बाद जो 5 क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछली टीम में थे, उनमें 3 क्षेत्रीय अध्यक्षों को उपाध्यक्ष बना दिया है।कानपुर से मानवेन्द्र सिंह, पश्चिम क्षेत्र मोहित बेनीवाल और गोरखपुर से धर्मेंद्र सिंह को प्रमोट किया गया है। 2 प्रदेश मंत्रियों को उपाध्यक्ष और 2 प्रदेश मंत्री को संगठन में महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है 7 ऐसे चेहरे हैं, जो पहली बार टीम में शामिल किए गए। टीम में कई ऐसे चेहरे हैं जो वर्तमान में जनप्रतिनिधि हैं य रह चुके हैं। नोएडा से विधायक पंकज सिंह, राज्यसभा सांसद कांटा कर्दम, विधायक सलिल विश्नोई, एमएलसी विजय बहादुर पाठक, सांसद सुरेंद्र नागर, पूर्व सांसद नीलम सोनकर, धर्मेंद्र सिंह एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, एमएलसी अनूप गुप्ता, एमएलसी सुभाष यदुवंश, विधायक सुरेश पासी, पूर्व सांसद प्रियंका रावत और पूर्व मेयर अंजुला माहौर शामिल हैं। बीजेपी की प्रदेश पदाधिकारियों की टीम की घोषणा के बाद अब फ्रंटल की बारी है।इंतजार है प्रदेश के सभी मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ और प्रवक्ताओं की लिस्ट का। 2 से 3 महीने में यूपी में स्थानीय निकाय चुनाव हो सकते हैं। जल्द मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभागों के साथ-साथ प्रवक्ताओं और टीवी पैनलिस्ट्स की लिस्ट जारी होगी।

# महाप्रबंधक प्रशान्त मिश्र ने किया बोगी, फर्निशिंग एवं फिनिशिंग शॉप का निरीक्षण

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया एवं दौरे के दौरान बोगीशॉपमें तैयार हो रहे कोच बोगियों का निरीक्षण किया। बोगीशॉपमें काम कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों से उत्पादन तकनीकों के संबंध में बात-चीत की जिससे उत्पादन को बढाया जा सके। इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने फर्निशिंगशॉपऔर फिनिशिंगशॉप का भी निरीक्षण किया। जहाँ विभिन्न रेलवे जोनों को निर्यात करने के लिए तैयार कोचों को देखा तथा कोचों की तकनीकी एवं गुणवत्ता को समझ कर उनको बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों कोनिर्देशितकरते हुये कहा कि विश्वस्तर पर स्थापित हो रहे नए-नए प्रतिमान एवंइनोवेशनपर ध्यान दिया जाए जिससे भविष्य में आरेडिकाविश्वस्तरीय कोचों के उत्पादन में अग्रसर हो सके एवं प्रधानमंत्री तथा रेलमंत्री के सपनों को सकार करते हुए वन्देभारत, मैट्रो, डेमू , मेमू जैसे कोचों का निर्माण करें। इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उधारी का पैसा मांगने पर दम्पत्ति को मारपीट कर किया घायल

संवाददाता

रायबरेली। उधारी का पैसा मांगने पर सगे भाई व उसके बेटे ने दम्पति को मारपीट कर घायल कर दिया, पुलिस ने मामले में दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। गाँव निवासी महेंद्र सिंह ने अपने सगे भाई धर्मेंद्र को कुछ दिन पूर्व 41 हजार रुपये उधार दिये थे, सोमवार को जब उसने भाई से पैसे मांगे तो उसने गालीगलौज करने लगा और विरोध करने पर उसने व उसके बेटे गौरव ने मारपीट करनी शुरू कर दी और बीच बचाव करने आई पत्नी अंजू को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

# राम जानकी मंदिर में माँ काली की मूर्ति स्थापित कर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के चंदापुर मार्ग स्थित अवसेर गिरि मठ के राम जानकी मंदिर में माता काली जी की मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व मठ से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

बताते चलें कि क्षेत्र के चंदापुर मार्ग स्थित अवसेर गिरि मठ स्थित राम जानकी मंदिर में माता काली जी की मूर्ति स्थापना को लेकर शतचंडी महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का आयोजन नवरात्रि के पहले दिन से ही किया जा रहा है। पूर्व नियत कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को राम जानकी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार व पूजा अनुष्ठान कर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 देवेंद्रानंद गिरि व सूदूर क्षेत्र से आये पंडितों व महात्माओं द्वारा मूर्ति स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व मठ से गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने क्षेत्र के पहरावां, हसनगंज, पूरे फेरु सिंह का पुरवा,पहरेमऊ, असर्फाबाद,वसालत नगर आदि गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा मठ परिसर से शुरू होकर भक्ति धुनों के साथ गांव का भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर पहुंचकर विश्राम लिया। प्रत्येक गांव में माता के भक्तों ने फूल बरसाकर व प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा का स्वागत किया।शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन की धुनों पर झूमते हुए चल रहे थे। इस दौरान यजमान विजय पाल सिंह, अतुल सिंह,राजू सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अशोक सिंह,अवध नरेश सिंह, ऋषि सिंह, विजय राज सिंह, अजीत सिंह, संतोष सिंह, रामकिशोर, पुत्तन साहू, शोभनाथ सिंह, शिव प्रसाद सिंह, द्वारिका चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संवेगात्मक द्वंद मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है - डॉ भारती सिंह

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



सलतानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड.विभाग में शिक्षा मनोविज्ञान के अंतर्गत ष्व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधियांष् विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ भारती सिंह ने बताया कि व्यक्तित्व के सभी पक्षों का मापन अत्यंत ही कठिन होता है। सामान्य विधियों से मनुष्य के केवल चेतन पक्ष का ही अध्ययन किया जा सकता है परंतु उसके अवचेतन और अचेतन पक्ष के अध्ययन के लिए मनोवैज्ञानिक प्रक्षेपण विधियों का सहारा लेते हैं। व्यक्ति के अचेतन मन में अनेक भावनाएं ,इच्छाएं और संवेगात्मक द्वंद्व आदि दबे रहते हैं जो कभी - कभी उसके मानसिक संतुलन को प्रभावित करते हैं। जिनको बाहर निकालना आवश्यक होता है। प्रक्षेपण विधियों के माध्यम से इन छिपे हुए व्यवहारों का पता लगा कर उनका परिहार किया जाता है। छात्र तनवीर वारिस ने प्रक्षेपी विधियों तथा इसकी विशेषताओं के बारे में बताया कि इन विधियों के माध्यम से व्यक्ति के चेतन , अवचेतन तथा अचेतन स्तर की अभिप्रेरणाओं, भावनाओं तथा व्यक्तित्व की संरचना का अध्ययन किया जा सकता है। अर्चना यादव, प्रियंका प्रजापति , अनुराधा तथा शिवानी चौरसिया ने मुख्य प्रक्षेपी विधि ष्रोशा स्याही धब्बा परीक्षणष् के बारे में बताया कि विषयी धब्बों के माध्यम से अपनी आंतरिक भावनाओं मनोभावों और प्रेरणाओं को शब्दों में प्रगट करता है। संदीप ने बताया कि ये परीक्षण अत्यंत ही वैध और विश्वसनीय होते हैं परंतु इनका प्रशासन अत्यन्त ही कुशल मनोवैज्ञानिक द्वारा ही किया जाना चाहिए। आस्था विजय कुमार ने बताया कि क्लेक्सोग्राफी नामक खेल से प्रेरित हो कर मनोचिकित्सक हरमैन रोशा ने इस परीक्षण का निर्माण किया था।छात्रा कोमल पाण्डेय ने टी.ए.टी प्रक्षेपी विधि का प्रयोग तथा उसके मूल्यांकन के आधार बताए। संगोष्ठी का संचालन प्रिया गुप्ता ने किया तथा इस संगोष्ठी में सत्येंद्र शुक्ला, मो. सद्दाम, दिव्या, शिखा तथा प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पंचायत सहायको की महाबैठक संपन्न, संघ कार्यकारणी का किया गया गठन

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता




सुलतानपुर। जनपद में कार्यरत सभी पंचायत सहायकों की महाबैठक रविवार को संपन्न हुई। जनपद के अहिमाने क्षेत्र में स्थित मां अम्बे मैरिज लान में संपन्न महाबैठक में पंचायत सहायक संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जनपद के सभी पंचायत सहायकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से शुभम सरोज को पंचायत सहायक संघ सुलतानपुर का जिलाध्यक्ष चुना गया। साथ ही प्रांजलि सिंह, किसलय यादव व प्रांजुल तिवारी को उपाध्यक्ष और अकुंश यादव को महामंत्री बनाया गया। फरहान अहमद, महेंद्र और बिपिन यादव को संघ का जिला मंत्री, आयुष तिवारी को कोषाध्यक्ष और सूर्यभान राणा व धीरज कुमार को मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया। इसके साथ ही पवन, दीपक और श्रवण कुमार को पंचायत सहायक संघ सुलतानपुर का कार्यकरिणी सदस्य बनाया गया। इसके बाद पंचायत सहायको के आधिकारों और दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई और नियमित मानदेय और पंचायत सहायकों के स्थायीकरण पर बात की गई। साथ ही पंचायत सहायकों के साथ हो रहे शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद की गई। मधुमिता बंसल ने जनपद के सभी पंचायत सहायकों को संगठित होने की बात कही तो दूबेपुर की शालिनी सिंह ने पंचायत सहायकों की 14 सूत्रीय मांगों के बारे में सभी को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम यादव ने किया। इस दौरान जनपद सुलतानपुर के पंचायत सहायकों समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवरात्रि में श्रीमतभागवत कथा का हुआ आयोजन

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर ।जयसिंहपुर तहसील के बनमई ग्राम पंचायत में नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ है कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान अजय सिंह ने बताया वेद व्यास केशव प्रसाद मिश्रा द्वारा भागवत पाठ सुनाया जा रहा हैं श्रीमद्भागवत कथा सुनना और सुनाना दोनों ही मुक्तिदायिनी है तथा आत्मा को मुक्ति का मार्ग दिखाती है। भागवत पुराण को मुक्ति ग्रंथ कहा गया है, इसलिए अपने पितरों की शांति के लिए इसे हर किसी को आयोजित कराना चाहिए। इसके अलावा रोग-शोक, पारिवारिक अशांति दूर करने, आर्थिक समृद्धि तथा खुशहाली के लिए इसका आयोजन किया जाता है श्रीमद्भागवत कथा जीवन-चक्र से जुड़े प्राणियों को उनकी वास्तविक पहचान करता है, आत्मा को अपने स्वयं की अनुभूति से जोड़ता हैं तथा सांसारिक दुख, लोभ मोह क्षुधा जैसी तमाम प्रकार की भावनाओं के बंधन से मुक्त करते हुए नश्वर ईश्वर तथा उसी का एक अंश आत्मा से साक्षात्कार कराता है। भागवत कथा में अजय सिंह पूर्व प्रधान मुन्ना सिंह संतोष सिंह सचिन सिंह, देवी प्रसाद दूबे, दिनेश वर्मा, समाजसेवी रवि प्रताप सिंह, सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही और भागवत कथा का श्रावण किया ।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व विधायक का जन्मदिन

संवाददाता




खीरों, रायबरेली। पूर्व विधायक रामभक्त राकेश सिंह के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खीरों अस्पताल में भर्ती मरीजों को व पूरे अस्पताल में फल व अन्य सामग्री वितरित किए। इसके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह ने मरीजों की दिक्कतों को सुनकर जल्द उनके स्वस्थ होने की कामना की है। खीरों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शोमवार को हरचन्द्रपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामभक्त राकेश सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। खीरों में भाजपा कार्यकर्ताओ ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और अन्य सामग्री वितरित किए। मरीजों को फल वितरण करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, समाजसेवी बृजेश सिंह, शिवराज वर्मा, जितेन्द्र सिंह, राजन सिंह, सलमान चिश्ती, धर्मेंद्र भारती आदि शामिल थे। खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर फल व अन्य सामग्री वितरण किया। वही इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक राम भक्त राकेश सिंह का जन्मदिन ब्लॉक सभागार में केक काट कर हर्षोल्लास से मनाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, समाजसेवी बृजेश सिंह व अन्य कार्यकत्ताओं ने पूर्व विधायक राम भक्त राकेश सिंह के चित्र पर तिलक लगाकर केक काटा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता जंग बहादुर सिंह, समाजसेवी बृजेश सिंह, राम सिंह प्रधान, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवराज वर्मा, भाजपा मंडल मंत्री राजन सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता,युवा मंडल अध्यक्ष जितेन सिंह उर्फ भैया जी, संतोष प्रधान, दिनेश प्रधान, शेखर प्रधान, करन सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहा।

# मुकद्दस माहे रमजानरू छः साल के मासूम मीरान ने रखा रोजा

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



भरथना,इटावा। मुस्लिम समुदाय का मुकद्दस माहे रमजान चल रहा है। तपिश एवं उमस भरी गर्मी में लोग रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। एक ओर जहां बड़े लोग रोजा रख रहे हैं तो दूसरी ओर छोटे बच्चे भी रोजा रख कर अपने रब की इबादत कर रहे हैं। भरथना वार्ड 7 वाजपई नगर निवासी अफसाना बैगम का परिवार अन्य लोगों की तरह ही रोजे रख रहा है, लेकिन इस परिवार को खास बनाया है उनके 6 साल के पौत्र मीरान ने जिसने पहला रोजा रखा है। परिवार में सभी सदस्यों को पांच वक्त का नमाज पढ़ते देख मीरान नमाज भी अदा कर रहे हैं। कम उम्र के बच्चों द्वारा रोजा रखने से लोग हैरान हैं। बच्चे अपने परिवार वालों के साथ सुबह तीन बजे से सेहरी खाने के लिए जागते हैं और सेहरी खाकर फिर कुरआन की तिलावत में जुट जाते हैं। यह सब अल्लाह का करम है और हम उसके शुक्रगुजार हैं।

# जिलाधिकारी द्वारा नव-दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिये किसी न किसी रोजगार से जुड़ने की कही बात

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता




सुलतानपुर। जिला पंचायत ऊषा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत परिसर में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत'' सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 226 पंजीकृत जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, उ0प्र0 शंकर गिरि उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक सुलतानपुर के प्रतिनिधि पुलकित सिंह, सांसद सुलतानपुर के प्रतिनिधि रंजीत सिंह, विधायक इसौली ताहिर खान, विधायक लम्भुआ के प्रतिनिधि लक्ष्मीकान्त दूबे एवं जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक उपस्थित रहेद्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम को बहुत ही भव्य तरीके से मनाया गया। प्रति जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत 51000 की धनराशि में से 10000 (दस हजार) रूपये के जेवरात सहित घरेलू सामग्री एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फलदार वृक्ष प्रदान किया गया तथा कन्या के खाते में 35000 की धनराशि व्यक्तिगत खाते में डीबीडी के माध्यम से धनराशि आन्तरिक की जायेगी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी, उ0प्र0 शंकर गिरि ने सभी नव-दम्पत्तियों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा गरीबों के लिये चलायी गयी यह बहुत प्रभावी योजना है। उन्होंने कहा कि नवदम्पत्तियों का सरकारी कोष से विवाह कराकर हमारे मुख्यमंत्री जी बहुत ही पुण्य का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नवदम्पत्तियों को भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0आर0ए0 वर्मा ने सभी नवदम्पत्तियों के सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सर्वसमावेशी विकास का यह सबसे अच्छा उदाहरण है। इसी प्रकार सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा नव-दम्पत्तियों को सुखद जीवन के लिये आर्शीवाद दिया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नव-दम्पत्तियों को आर्शीवाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की गयी। उन्होंने सभी नव-दम्पत्तियों को खुशहाल जीवन के लिये किसी न किसी रोजगार से जुड़ने की बात कही। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने अपने सम्बोधन में सभी नव-दम्पत्तियों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलायी गयी यह महत्वपूर्ण योजना समाज के उन वंचित समुदायों को लाभ पहुँचा रही है, जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। कार्यक्रम के आयोजक अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायन चन्द व जिला समाज कल्याण अधिकारीध्नोडल अधिकारी अमित सिंह के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधिगण एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा नव-विवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया गया तथा वैवाहिक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान करते हुए सभी नव-दम्पत्तियों के सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की गयी। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में जिला पंचायत मुख्य अभियन्ता/नोडल अधिकारी डॉ0 राकेश कुमार यादव, प्रशासनिक अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारी जिला पंचायत दिनेश सिंह का मुख्य योगदान रहा।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता



सुलतानपुर/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निदेशक महिला कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 25 से 31 मार्च, 2023 तक कन्या जन्मोत्सव मनाये जाने के निर्देश प्राप्त है, के क्रम में ऊषा सिंह अध्यक्ष, जिला पंचायत, सुलतानपुर की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें अध्यक्ष, जिला पंचायत एवं जिलाधिकारी द्वारा 27 नवजात बालिका शिशुओं के परिजनों को उपहार स्वरूप बेबी किट, वस्त्र कन्या जन्मोत्सव बधाई-पत्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके परिजनों के द्वारा कन्या जन्मोत्सव केक काट कर उत्सव मनाया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष, जिला पंचायत, सुलतानपुर ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र मे पीछे नहीं है, सरकार बेटियों को ले कर गंभीर है, शिक्षा से ले कर स्वास्थ्य तक पर नजर है। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित परिजनो को कन्या जन्म की बधाई देते हुए उनको प्रेरित किया कि बालिकाओं को उच्च शिक्षा एवं उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं अन्य लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाये। जिला प्रोबेशन अधिकारी वी0पी0 वर्मा के द्वारा कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से संचालित योजना जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19/सामान्य, के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0वी0के0 सोनकर, महिला कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, संतोष पाल, सरोज यादव, जिला समन्वयक, संजय तिवारी, प्रोबेशन विभाग, जिला महिला चिकित्सालय सुलतानपुर के स्टाफ जन्मी नवजात बालिका शिशु के परिजन एवं जनमानस उपस्थित रहें।

# कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

## घर में अकेला पाकर गांव के ही युवक पर रेप का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

स्टार एक्स्प्रेस संवाददाता

हरदोई। सांडी इलाके में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। जिसमें गांव के ही युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप है। बताया गया किशोरी की मां रिश्तेदारी गई थी इसी बीच घर आए युवक ने नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। जिसके बाद अचेत अवस्था में होने पर युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और फरार हो गया। पीड़िता की मां के तहरीर देने पर पुलिस मामले के जांच में जुटी है। बताते चले कि सांडी थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया।

युवक ने किशोरी के घर जाकर उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया फिर उसके साथ रेप किया। किशोरी की मां अपनी रिश्तेदारी में गई हुई थी, इसी बीच गांव के ही युवक ने घटना को अंजाम दिया। जब मां घर आई तो पीड़िता ने आपबीती सुनाई। इस पर पीड़िता की मां ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच मामले के जांच में जुटी है।

सांडी थाना प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कि पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाने के बाद रेप किए जाने की तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के दिए गए निर्देश

संवाददाता, हरदोई । शासन द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2023 से दिनांक 30 अप्रैल 2023 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में दिनांक 27 मार्च 2023 को अधिशासी अधिकारी श्री रविशंकर शुक्ल द्वारा समस्त सफाई नायक के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुख सागर मिश्र मधुर एवं निवर्तमान सभासदगण उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी सफाई नायकों को अपने-अपने वार्डों में विशेष अभियान चलाते हुए सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

# विद्यालयों में आयोजित होगा नामांकन मेला, बीईओ ने की प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक

संवाददाता



रायबरेली। आगामी सत्र में परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन हो सके, इसके लिए राही बीईओ ने अलग पहल की है। राही ब्लॉक के सभी विद्यालयों में इस बार नामांकन मेले का आयोजन किया जाएगा। नामांकन मेला सहित मिलेट, स्कूल चलो अभियान, निपुण भारत अभिया और संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए राही बीईओ ने प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापक के साथ में बैठक की। मासिक बैठक बीईओ राही बृजलाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें ब्लॉक के सभी प्राथमिक व उच्च परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों शामिल हुए। मासिक बैठक में डी0बी0टी0, चहक कार्यक्रम, स्कूल चलो अभियान नामांकन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, संचारी रोग, मिलेट आदि विषयों पर व्यापक चर्चा की गयी। इसके अलावा एक अप्रैल से शुरू होने जा नए शैक्षिक सत्र 2023-24 में वि0क्षे0 के सभी विद्यालयों में नामांकन मेले का आयोजन किये जाने की कार्य योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विकास क्षेत्र के एकाडमिक रिसोर्स पर्सन दिलीप कुमार व अजय कुमार द्वारा स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 दिवसीय रीडिंग कैम्पेन, चहक कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 सप्ताह हेतु शैक्षिक गतिविधि कैलेण्डर, निपुण भारत मिशन, बाल वाटिका, निपुण बनाये जाने हेतु 10 बिन्दुओं की टूलकिट पर चर्चा, प्रिंटरिच समाग्री के प्रयोग के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस मौके पर अजय सोनकर, दिलीप कुमार, राजेश यादव, आशीष कुमार साहू, अभिषेक श्रीवास्तव, कंचन सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, अमृतलाल व पवन कुमार मौजूद रहे।

CMYK

# पुलिस हिरासत से गायब हुए किशोर का गांव के बाहर लटका मिला शव

## प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस ने पूछताक्ष के लिए बुलाया था, किशोरी के पिता पर हत्या कर लटकाने का आरोप

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। माधौगंज इलाके में पूछताक्ष के लिए हिरासत में लिए गए किशोर का शव पेड़ से लटका मिला है। गांव की ही किशोरी से प्रेम प्रसंग में वह वांक्षित चल रहा था। जिसे पुलिस हिरासत में देकर उसके पिता और चाचा घर वापस चले गए। जिसके बाद उसका शव सुबह गांव के बाहर पेड़ में गमछे से लटका मिला। परिजनों ने मारकर लटकाने का आरोप लगाकर शव को उतारने नही दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे एएसपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को उतरवाया है। बताया गया कि माधौगंज थाना क्षेत्र के पहुँतेरा गांव निवासी दीपक का गांव की किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसमें पुलिस ने पिता की तहरीर पर किशोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।



उसी मामले की जांच पड़ताल के लिए किशोर को थाने पर बुलाया गया। इस दौरान दीपक के पिता होसराम व चाचा अमरपाल उसे रविवार को दोपहर में चौकी पुलिस को कस्टडी में देकर आए। जिसके बाद देर रात दीपक पुलिस हिरासत से गायब हो गया और उसका संदिग्ध अवस्था में सुबह पेड़ से शव लटका पाया गया। जिसे देखकर उसके परिजनों में चीख-पुकार मच गई और वह बदहवास हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ से शव उतारने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने उतारने नहीं दिया। आरोप है कि दीपक का शव दिनेश के गमछे से लटका हुआ है। उन्होंने ही पुलिस हिरासत से लेकर दीपक को मारकर लटकाया है। जिसमें आरोपियों पर कार्रवाई की जाए तभी शव को उतारने दिया जाएगा। जिसके बाद मौके पर पहुंचे एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया की पहुंतेरा निवासी दीपक का गांव की लड़की से अफेयर चल रहा था। जिसमें पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जिसको पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया। परिजनों की सुपुर्दगी के बाद युवक ने गांव के बाहर पेड़ से लटक कर फांसी लगा ली। जिस के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जिसमें परिजनों का दिनेश अन्य पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। जांच में जो भी तथ्य आएंगे उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पति की डाट से नाराज महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर सेलापता

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

ऊँचाहार, रायबरेली। घरेलू विवाद में पति की डांट से नाराज होकर महिला संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई, काफी खोजबीन के बाद भी महिला का पता नहीं चल सका, पीड़ित पति ने कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी है। मामला कोतवाली क्षेत्र के हिसामपुर मजरे खुर्रमपुर गाँव का है, गाँव निवासी समरजीत के भाई अमरजीत की तबीयत खराब है, जिसका इलाज अमरजीत करवा रहा है, शनिवार को इसी बात को लेकर उसका पत्नी सीमा देवी से विवाद हो गया, जिसके बाद वो एनटीपीसी प्लांट में डयूटी करने चला गया और बच्चे स्कूल चले गए, जब वो शाम को घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं मिली, काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका है, सोमवार को पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की तहरीर दी है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि तहरीर मिली है, गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो दोस्तों की हुई मौत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। सांडी इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सांडी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मुंशीगंज निवासी दिलीप, पवन, नीरज बाइक से घर वापस आ रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दो की मौत एक गंभीर घायल हो गया। बताया गया कि सभी बाइक सवार साण्डी तिराहा ढाबे से खाना खाकर घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान सांडी कस्बे के गल्ला मंडी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीन लोगों में दिलीप, अमन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही इस हादसे



में नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों में रो -रो कर बुरा हाल है। सूचना मिली कि नवयुवक ढाबे पर खाना खाने के बाद घर जा रहे थे। इसी दौरान स्टंट करते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दो की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया। एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा सांडी में तीन नवयुवक बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें अमन और दिलीप की मौत हो गई जबकि नीरज घायल हुआ है। दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# केन्द्र पर आने वाले कृषकों से अच्छा व्यवहार करें : एमपी सिंह

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई कलेक्टेऊट सभागार मे जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता मे रबी वर्ष-2023-24 के अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु विभागीय अधिकारियों व क्रय केन्द्र प्रभारियों की टेऊनिगं व कार्यशाला आयोजित की गयी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 प्रति कु0 निर्धारित है, न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत गेहूं क्रय हेतु खाद्य विभाग की विपणन शाखा के 20, पी0सी0एफ0 के 22, पी0सी0यू0 के 14 एवं भा0खा0नि0 के 03 कुल 59 क्रय केन्द्र अनुमोदित हो चुके है। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियों/उपजिलाधिकारियों/जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जो समस्त कृषक जो अपना गेहूं विक्रय करना चाहते है उनका गेहूं क्रय किया जाए, जनपद मे लॉ एड आर्डर की स्थित खराब न होने पाये समस्त किसानों की समस्याओं को तत्काल दूर कराकर उनका गेहूं क्रय करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जनपद मे गेहूं क्रय अवधि 01 अप्रैल से 15 जून 2023 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि समस्त केन्द्र प्रभारी किसान रजिस्टर बनाएं और गतवर्ष जिन किसान भाईयों ने गेहूं विक्रय किया उनसे सम्पर्क कर उन्हें क्रय केन्द्र पर गेहूं विक्रय करने हेतु आमन्त्रित करें। क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों से उनका फीडबैक प्राप्त कर अकित करें। केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि क्रय केन्द्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र सही स्थिति में हो। क्रय केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा हेतु सम्पूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण रखें। केन्द्रों पर पीने के पानी, छांव में बैठने की



सुविधा उपलब्ध कराएं। केन्द्र पर आने वाले कृषकों से अच्छा व्यवहार करें, दुर्व्यवहार की शिकायत किसी भी क्रय केन्द्र से नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मण्डी सचिव यह भी सुनिश्चित करें कि मण्डी शेड, जिनपर क्रय का कार्य होगा उस पर व्यापारियों का कब्जा न हो, जिससे कि किसानों का निर्वाध आवागमन सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत समस्त गेहूं क्रय केन्द्रों पर राजस्व कर्मियों को तत्काल तैनात करें। गेहूं बिकी हेतु पंजीकरण कराने वाले कृषकों का सत्यापन सतत रूप से नियमानुसार किया जाये। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारित, को जनपद में मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूं खरीद कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। गतवर्ष की भांति इस वर्ष भी आधार लिंक्ड मोबाइल नम्बर पर ओ0टी0पी0 आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है, जिसके लिये किसान बन्धु पंजीकरण के समय अपने आधार से लिंक्ड मोबाइल नम्बर ही अंकित करायें ताकि एस0एम0एस0 द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 को भरकर पंजीकरण प्रकिया को पूरा किया जा सके। केन्द्र पर गेहूँ की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं आने पर कृषक के समक्ष विश्लेषण करने हेतु तहसील स्तर पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारीध् विपणन निरीक्षक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया जायेगा। गठित कमेटी विलम्बतम 48 घण्टे में असंतुष्ट कृषक के सम्मुख विश्लेषण कर निर्णय लेगी। क्रय केन्द्र प्रभारियो द्वारा यह भी ध्यान रखा जायेगा कि केन्द्र पर सही बांट माप का प्रयोग हो तथा सही तौलाई की जाये। कृषक पंजीयन हेतु प्रचार प्रसार के साथ-साथ समस्त उपजिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कृषक पंजीकरण का सत्यापन समयान्तर्गत होता रहे, जिससे कृषकों को अपना गेहूँ क्रय केन्द्रों पर विक्रय करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। समस्त क्रय संस्थाओं द्वारा गेहूँ के मूल्य का भुगतान पी0 एफ 0एम0एस0 द्वारा समयान्तर्गत कराया जायेगा। केन्द्र प्रभारी क्रय केन्द्रों पर उपस्थिति बनाए रखें। उन्होंने समस्त मण्डी सचिवों को निर्देशित किया कि समस्त केन्द्रों को समयान्तर्गत खरीद हेतु आवश्यक उपकरण करा दें, जिससे खरीद कार्य में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के दिए गए निर्देश

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई शासन द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2023 से दिनांक 30 अप्रैल 2023 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में दिनांक 27 मार्च 2023 को अधिशासी अधिकारी श्री रविशंकर शुक्ल द्वारा समस्त सफाई नायक के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुख सागर मिश्र मधुर एवं निवर्तमान सभासदगण उपस्थित रहे।

अधिशासी अधिकारी द्वारा सभी सफाई नायकों को अपने-अपने वार्डों में विशेष अभियान चलाते हुए सफाई कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने वार्डों में खाली प्लाटों, नालियों, गलियों की समुचित सफाई कराना सुनिश्चित करें और साथ ही एंटिलारवा दवाओं का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अधिकारी महोदय ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि सभी अपने घरों के आस-पास पानी न इकट्ठा होने दें और सफाई बनाए रखें जिससे मच्छर न उत्पन्न हो सके। अधिशासी अधिकारी श्री शुक्ल ने सभी निवर्तमान सभासदगण से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है कि वह अपने अपने स्तर से नागरिकों को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करे।

# पर्यावरण रक्षा द्वारा ही होगी मानवता की सुरक्षा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन शिविरार्थी छात्राओं ने प्रभारी डॉ. भानु प्रताप राय एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा यादव की अगुवाई में बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी गांव में पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित जागरूकता अभियान चलाया । आज के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी में वनस्पति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ विजय प्रकाश सिंह एवं जंतु विज्ञान के प्राध्यापक डॉ राजेश यादव ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ शिविरार्थी छात्राओं को प्रदान की। डॉ विजय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेहतरीन जीवन के लिए हमें अपने पर्यावरण को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए। जब वातावरण में गंदगी फैलती है तो उसे पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है।



पर्यावरण प्रदूषण से कई तरह की बीमारियों और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पर्यावरण स्वच्छ हो या दूषित यह सभी मनुष्य और जीव-जंतुओं के जीवन को प्रभावित करता है। डॉ राजेश यादव ने बताया कि मनुष्य अपने स्वार्थ के चलते पेड़-पौधे की कटाई कर रहा है एवं प्राकृतिक संसाधनों से खिलवाड़ कर रहा है, जिसके चलते पर्यावरण को काफी क्षति पहुंच रही है। यही नहीं कुछ मानव निर्मित कारणों की वजह से वायुमंडल, जलमंडल आदि प्रभावित हो रहे हैं धरती का तापमान बढ़ रहा है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है, जो कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने पर्यावरण के संबंध में छात्राओं को अपने ज्ञान एवं अनुभव से सुभाशीष प्रदान किया । कल की सांस्कृतिक संध्या में माधवी, रिया, पल्लवी, कनीज, तुलसी आदि शिविरार्थी छात्राओं ने नाटक, गायन आदि में अपनी शानदार प्रस्तुति दी । आज के तृतीय सत्र में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें वर्तमान समय की समस्याओं व मुद्दों पर आधारित जागरूकता से संबंधित नाटक एवं संगीत प्रस्तुत किये जायेंगे ।

# संविधान की प्रस्तावना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर । अवध युथ कलेक्टिव और जन शिक्षण केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में वी दा पीपुल अभियान के साथ जन शिक्षण केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ एक दिवसीय संविधान की प्रस्तावना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें वी दा पीपुल अभियान से जुड़े प्रवीण कुमार ने प्रतिभागियों के साथ संवाद करते हुए संविधान की प्रस्तावना के एक एक शब्दों को अलग अलग करके जैसे सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न सामाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य और मूल्यों स्वतंत्रता, न्याय, समता और बंधुत्व को फोकस करते हुए प्रतिभागियों को इन शब्दों के साथ जीवन को जोड़कर देखने की समझ बनाने का काम किया गया। जिससे वह अपने दैनिक जीवन में संविधान की उपयोगिता को समझे और नागरिक समाज को




इस विषय पर शिक्षण देने का काम कर सकें। जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने कहा कि आज बहुत जरूरी है की हम अपने अधिकार और कर्तव्यों को समझे। प्रस्तावना की पहली लाईन में लिख हैं हम भारत के लोग, तो हमको इसको समझना होगा और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने गांव समाज और परिवेश को बेहतर बनाने के काम में लगना होगा। किसी से शिकायत के बजाए हम खुद क्या क्या कर सकते है। इस बारे में छोट से बड़े समूहों में बात करना चाहिए ।अवध युथ कलेक्टिव से जुड़े आफाक ने कहा कि यह संविधान संवाद अभियान फोकस कर रहा हैं कि सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जुड़े साथियों के बीच जाए। उनका संविधान और अपने देश के कानून के बारे में समझ को समझना का काम करे। एक दूसरे के ज्ञान कौशल से सीखा जाए। एक बेहतर नागरिक समाज बनाने में सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी काफी कुछ सीखने समझने की जरूरत हैं। हम इस जरूरत और जिम्मेदारी को समझाते हुए यह अभियान चला रहे हैं।

## उधारी का पैसा मांगने पर दम्पत्ति को मारपीट कर किया घायल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। उधारी का पैसा मांगने पर सगे भाई व उसके बेटे ने दम्पति को मारपीट कर घायल कर दिया, पुलिस ने मामले में दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। गाँव निवासी महेंद्र सिंह ने अपने सगे भाई धर्मेंद्र को कुछ दिन पूर्व 41 हजार रुपये उधार दिये थे, सोमवार को जब उसने भाई से पैसे मांगे तो उसने गालीगलौज करने लगा और विरोध करने पर उसने व उसके बेटे गौरव ने मारपीट करनी शुरू कर दी और बीच बचाव करने आई पत्नी अंजू को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि महेंद्र की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र व गौरव के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## दबंगों ने महिला को रास्ते में रोककर पीटा, पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। खेत से घर वापस लौट रही महिला को दबंगों ने रास्ते में रोककर पीटना शुरू कर दिया और बीच बचाव करने आये ग्रामीण की भी पिटाई कर दी, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेरवा का है, गाँव निवासी महिला प्रेमावती का कहना है कि वो रविवार की शाम खेत से घर वापस लौट रही थी, तभी पड़ोसी गांव पूरे मालिन निवासी तीन लोगों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट शुरू कर दी और बीच बचाव करने पहुंचे गांव के हीरालाल को भी मारपीट कर घायल कर दिया, सोमवार को पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि मारपीट के मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## 70 वर्षीय वृद्धा से पोते ने किया रेप

संवाददाता, हरदोई। जिले के सुरसा थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ पोते ने रेप किया। महिला न्याय की आस में अफसरों के चक्कर काट रही है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि दूर के रिश्ते के पोते ने गांव के बाहर बाग में उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसके बाद महिला ने पूरे मामले की पुलिस से शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने इस मामले में मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। इस बात को लेकर पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।बुजुर्ग महिला का कहना है कि वह एक बाग में लकड़ी बीन रही थी। इसी बीच रिश्ते में लगने वाला पोता मौके पर पहुंच गया। उसे अचानक उसने धक्का देकर गिरा दिया। उसके बाद उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोप है कि गिरने में उसके चोटें भी आईं हैं। किसी तरह से जब उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग गया। दूसरे दिन थाने पहुंचकर बुजुर्ग महिला ने पुलिस से शिकायत की। इस पर पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद कार्यशाला का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकर नगर । जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देशन पर बाल विकास परियोजना जलालपुर के सौजन्य से जलालपुर ब्लॉक के डोयकरा हाल में पोषण पखवाड़ा 20 मार्च से 3 अप्रैल 2023 के अंतर्गत एक बृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी जलालपुर श्री हरिशंकर लाल ने किया और जिस के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र थे कार्यक्रम में पोषण पखवाड़े के तीनों लक्षणों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सीडीपीओ बलराम सिंह ने बताया की इस पखवाड़े का प्रमुख उद्देश्य है मोटा अनाज के अधिक प्रयोग हेतु सामुदायिक जागरूकता पैदा करना साथ ही सभी आंगनबाड़ी अपने केंद्रों पर स्वस्थ बालक बालिका प्रतियोगिता कराएंगे तथा तीसरा उद्देश्य अपने केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बनाना है सीडीपीओ बलराम सिंह ने कार्यशाला में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत वंदन करते हुए कहा कि हम सभी लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण के बारे में मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है ताकि हम लोग अपने जिले और प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश और उत्तर प्रदेश बना सकें उप जिलाधिकारी श्री हरिशंकर लाल ने सीडीपीओ बलराम सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा जलालपुर तहसील में यहां की कार्य कृतियां जहां उचित रूप से बीएलओ का काम कर रही हैं वही नियमित सेंटर का संचालन करते हुए टीका एवं स्वास्थ्य परीक्षण पर भी प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं मुझे विश्वास है कि सभी लोग पोषण पखवाड़े के उद्देश्य को जन जागरूकता के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।मौसमी साग सब्जियों और फलों तथा सहजन की पत्तियों और फलियों का भरपूर प्रयोग करना है कुपोषण को दूर भगाना है इसी क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने लोगों को पोषण शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत बृजेश तिवारी एडीओ एग्रीकल्चर अशोक सिंह, अधिशासी अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, प्रधान कोठी भार पिंटू शर्मा, प्रधान शाहपुर शैलेंद्र यादव, प्रधान मैनुद्दीन पुर दिनेश कुमार, प्रधान दिनेश चौधरी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्री कमल प्रकाश सिंह ने विस्तार से स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने खानपान में बदलाव करना है और मोटे अनाज के साथ पोषक तत्वों अपने भोजन में शामिल करना है तभी हम स्वस्थ जीवन जी पाएंगे तो शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा सहायिकाओं की गोष्ठी संपन्न

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती । बस्ती पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विकास भवन सभागार में बस्ती सदर एवं सॉऊघाट ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा सहायिकाओं की गोष्ठी संपन्न हुई। इसको संबोधित करते हुए जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव ने कार्यकत्री एवं सहायिकाओं का आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र के माताओं एवं बच्चों को स्वस्थ रखने में सक्रिय सहयोग करें। प्रत्येक अभिभावक से संपर्क करके उनके बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में उचित सलाह दें। इस अवसर पर उन्होंने श्रीअन्न (मोटा अनाज-सॉवा, कोदो, मडुआ, जौ, बाजरा) को बढ़ावा देने की भी अपील किया। उन्होंने कहा कि माताओं एवं बच्चों को स्वस्थ रखने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिए कई प्रकार के कार्य किए जा रहे हैं। 323 खुले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की बाउंड्रीवॉल बनवाई जा रही है। इसके अलावा नए आंगनवाड़ी भवन बनवाए जा रहे हैं। पुराने 79 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। पिछले वर्षों के अधूरे पड़े भवनों को पूरा कराया जा रहा है। 312 आंगनवाड़ी केंद्रों का विद्युतीकरण कराया जाएगा, साथ ही 140 भवनों का आंतरिक विद्युतीकरण कराया जाएगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सावित्री देवी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि 20 मार्च से संचालित पोषण पखवाड़ा आगामी 3 अप्रैल तक संचालित रहेंगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करके लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन किया। इस अवसर पर सीडीपीओ दिलीप वर्मा, निर्मला सिंह, सुपरवाइजर साधना पाठक, नीतू सिंह, विद्या उपाध्याय, एनआरएलएम के कपिल कुमार तथा कार्यकत्री एवं सहायिका उपस्थित रहीं।



CMYK

# गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्टस एकेडमी द्वारा प्रीमियर लीग सीजन-2 (2023) क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ

संवाददाता

कानपुर। आपको सहर्ष सूचित किया जाता है कि गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्टस एकेडमी (खालसा इण्टर कालेज गोविन्द नगर कानपुर) द्वारा गोविन्द नगर प्रीमियर लीग सीजन–2 (2023) क्रिक्रेट प्रतियोगिता 02 अप्रैल 2023 तक स्थान खालसा ग्राउण्ड गोविन्द नगर कानपुर में आयोजित किया जा रहा है इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कानपुर शहर व शहर के आसपास की 16 टीमें भाग ले रही हैं क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कानपुर राइजिंग स्टार बनाम गोविंद नगर इलेवन के बीच खेला जाएगा जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि कानपुर शहर के सांसद सत्यदेव पचौरी एवं विधायक महेश त्रिवेदी जी किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के द्वारा टूर्नामेंट के प्रथम मैच के टास लिए सिक्का उछाल के मैच का शुभारंभ किया गया व इस अवसर



पर मुख्य अतिथियों के द्वारा गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्टस एकेडमी (खालसा इण्टर कालेज गोविन्द नगर कानपुर) द्वारा गोविन्द नगर प्रीमियर लीग सीजन–2 (2023) का केक काटकर टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का फइनल मैच दिनांक 02 अप्रैल 2023 को खेला जायेगा जिसमें विजेता टीम को रु0 21,000/– व उपविजेता टीम को रु011,000/– का इनाम दिया जायेगा । सीजन–2 (2023) क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में गुरु सिंह सभा व वरिष्ठ भाजपा पार्षद नवीन पंडित जी का विशेष सहयोग रहा । इस दौरान रमन भुल्लर (संरक्षक) ,हैप्पी सिंह, सहज सिंह एवं तरनजीत सिंह भाटिया आदि लोग रहे ।

# दिल्ली न्यायिक सेवा परीक्षा में 68 वी रैंक हासिल कर अरीबा खान ने गंगा नगरी का बढ़ाया मान



संवाददाता, हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर के मोहल्ला चौधरीयान निवासी डॉक्टर इंसाफअली की बेटी अरीबा खान ने दिल्ली प्रदेश की न्यायिक सेवा परीक्षा मैं पहली बार भाग लिया था जिसने यह परीक्षा पास करते हुए 68 वी रैंक हासिल की है अरीबा ने स्नातक की पढ़ाई हिंदू कॉलेज और कानून की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय के केंपस लॉ सेंटर से की थी जबकि प्रारंभिक एवं हाई स्कूल तथा इंटर की पढ़ाई मेरठ में हुई थी।पिता इंसाफ अली चिकित्सक और माता रजिया बेगम एक अध्यापिका है जबकि बड़ी बहन डॉक्टर अलीना खान ने गायनो विभाग मैं एम एस की पढ़ाई की है जो वर्तमान में जनपद एटा में कार्यरत है अरीबा के दादा चौधरी इश्तियाक अली कई जनपदों में लेखपाल पद पर कार्यरत रहे थे।अरीबा अपनी इस उपलब्धि का सारा श्रेय अपने दिवंगत नाना एवं मेरठ के वरिष्ठ अधिवक्ता कुंवर छोटे खा को देती है जिसका कहना है इस आधुनिक दौर में बेटियों को बेटों के समान दर्जा दिया जाना बेहद जरूरी है और जो लोग ऐसा नहीं करते वह नारी सशक्तिकरण की राह में सबसे बड़ी बाधा है अरीबा मानती है ।

# किंग इन्टरप्राइजेज ने किया डिजिटल मोबाइल एप्लीकेशन रेडी लोडर का शुभारंभ

संवाददाता

कानपुर। किंग इन्टरप्राइजेज द्वारा भारत की पहली डिजिटल मोबाइल एप्लीकेशन रैडी लोडर की कामदगिरी लॉन, गुजैनी में लांचिग की गई । यह एप्लीकेशन एकमात्र ऐसी एप्लीकेशन है जिसके द्वारा छोटे माल वाहक गाड़िया इसके साथ जुड़ सकती है । और कस्टमर इस एप्लीकेशन के द्वारा भाड़ा गाड़ी को बुक करा सकता है । इस लांचिंग में मुख्य अतिथि के रूप में दादा नगर को–ऑपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन मलिक विजय कपूर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में गोविन्द नगर विधायक सुरेन्द्र मैथानी एवं शिव कुमार बेरिया उपस्थित हुये ।इस एप्लीकेशन के फाउण्डर एण्ड



एम.डी. उत्तम श्रीवास्तव ने बताया कि इस एप्लीकेशन को आप प्ले स्टोर द्वारा अपने मोबाइल में आसानी इन्स्टाल कर सकते है एवं अपनी जरूरत के हिसाब से माल भाड़ा गाड़ी बुक करा सकते है । यह पूर्ण रूप से सुरक्षित है एवं इसे एप्लीकेशन में जुड़ने वाले सभी ड्राइवर कम्पनी द्वारा वेरिफाई है । इस दौरानकार्यक्रम में मुख्य रूप से डायरेक्टर शैलेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, राज किशोर वर्मा, आसिफ इदरसी, मुरलीधर सिंह, कामना निगम, विनीता श्रीवास्तव इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थिति रहे ।

# शुक्लागंज के डॉक्टर निखिल को अवार्ड से नवाजा गया

संवाददाता

शुक्लागंज,उन्नाव। महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया होम्योपैथी रिसर्च सबमिट 2023 में नगर के मोहल्ला सुभाष नगर के रहने वाले होम्योपैथी डॉक्टर को ऑल इंडिया होम्योपैथी यूथ अवार्ड से नवाजा गया है जिस पर उनके मिलने वाले अन्य डाक्टरों ने शुभकामनाएं और बधाई दी आपको बता दें कि बीते दिनों नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया होम्योपैथी रिसर्च सबमिट 2023 का आयोजन हुआ था जहां पर होम्योपैथिक डॉक्टर निखिल सिंह को होम्योपैथी यूथ अवार्ड मुख्य अतिथि विख्यात गायक कैलाश खेर ने दिया था जहां पर रिसर्च कमेटी व हिंदुस्तान की प्रसिद्ध होम्योपैथी




कंपनी बनेंट के सीएमडी डॉ नितीश चंद्रसीएमडी डॉक्टर नीतिश चंद्र दुबे ने नागपुर के कभी सुरेश भट ऑडिटोरियम मेंदेश के सुप्रसिद्ध 3000 से अधिक होम्योपैथिक डॉक्टरों के बीच सम्मानित कियाजिस पर नगर के डॉक्टरों ने हर्ष व्यक्त कियाडॉक्टर निखिल सिंह ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता–पिता और परिजनों को दिया है सम्मान मिलने पर उन्होंने नगर का नाम रोशन किया है जिस पर नगर के लोगों ने भी उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं दी हैं।

# मन की बात से देश के लोगो को मिली नई राह : विभवनाथ

## यमुनापार जिला मे 1014 बूथों पर भाजपा जनप्रतिनिधियों ने सुनी मन की बात

संवाददाता, प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 99वें संस्करण के माध्यम से रविवार को देश को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने अरैल के नैनी बूथ क्रमाकं 1 पर कार्यकर्ताओ संग मन की बात को सुनने बाद कहा मन की बात देश के लोगो को नई राह दिखाने का माध्यम रहा। यमुनापार के मन की बात के जिला संयोजक भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने झझंरा चौबे के बूथ संख्या 294 मे रेडियो पर किसानों और मजदूरों संग मन की बात को सुनकर नई बूथसमिति संग बैठक किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑर्गन डोनेशन पर बात की। दो ऐसे परिवारों से बात कराई जिनके किसी सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किए गए। पीएम मोदी ने इस सस्करणं में



नारी शक्ति, क्लीन एनर्जी, कोरोना से सावधानी और अगले महीने होने जा रहे सौराष्ट्र–तमिल संगमम पर बात की। उन्होंने मन की बात के 100वें एपिसोड को लेकर लोगों की राय भी मांगी। उन्होंने कहा कि लोगों के विचार ही 30 अप्रैल को होने वाले 100वें मन की बात को खास बनाएंगे। राशन–मकान–सिलेंडर–रूपया–पैसा–दवा सब फ्री देत है। बार–बार मोदिन बनिही प्रधानमंत्री। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि यमुनापार के 1014 बूथो पर कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियो ने मन की बात को सुनकर सरल एप्प पर डाउनलोड़ किया है।

# सीएचएस एजुकेशन सेंटर का ग्रेजुएशन समारोह संपन्न

संवाददाता

कानपुर। समय और शिक्षा का समायोजन ही व्यक्ति को सफ्लता की ओर अग्रसर करता है इन्ही पंक्तियों के आधार पर सी एच एस . एजुकेशन सेंटर, तात्या टोपे नगर की ओर से किंडरगार्टन के छात्रों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीता सिंह (संरक्षक, सीआच सगुण ऑफ इंस्टिट्यूट ) ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति बिज द्वारा मुख्यातिथि और आए हुए अभिवावकों का स्वागत किया गया। स्कूल में वार्षिक किंडरगार्टन समारोह 2023 का आगाज दीप प्रज्वलन और नन्हे मुनों के स्वागत गीत के साथ किया गया। ग्रेजुएशन समारोह में प्रेम के छात्रों को विधिवत गाउन और कैप पहनाकर प्रमाणपत्र डिग्री के रूप में दिया गया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए पेप । तथा ठ के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम



प्रस्तुत किये गये जिनमे मुख्य रूप से सेव ईर्थ फाइव लिटिल मंकीक्स , मोबाइल स्किट आदि सराहनीय रहे । इसके अतिरिक्त बच्चों द्वारा ऑब्जेक्टि फ्ल्के माय स्कूल , सेव वाटर , आदि पर व्यक्त विचारों को सुनकर सम्पूर्ण प्रांगण करबन ध्वनि से गूंज उठा। शैक्षिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों जैसे कला, संगीत, नृत्य पठन, लेखन आदि में उपलब्धियों के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया गया मुख्य अतिथि श्रीमती नीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास प्रारम्भिक अवस्था से ही शिक्षकों के द्वारा विकसित किया जाता है। आत्मविश्वास द्वारा ही बच्चे जीवन में सफ्लता हासिल करते हैं। उनके व्यक्तित्व का चहुँमुखी विकास करने में अभिभावकों तथा शिक्षकों को अपना अमूल्य योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति विज ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए नन्हें–मुन्ने छात्रों को पूर्व प्राथमिक स्तर से प्राथमिक स्तर की औपचारिक शिक्षा में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ग्रेजुएशन समारोह आयोजित करने का उद्देश्य बताया कि बच्चे के प्राथमिक स्तर में प्रवेश लेने पर उनमें नवीन, श्रेष्ठ, सृजनात्मक विचारों का उद्भव होता है। उनके विचारों को सही दिशा देने के लिए शिक्षकों की अनुपम भूमिका रहती है। बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण आवश्यक कौशल का विकास कर शिक्षक उन्हें जीवन पथ की ओर सरलतापूर्वक अग्रसर होन्दुगियाने हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# डॉक्टर क्लीनिक की बड़ी जरूरत : नंदी



संवाददाता, प्रयागराज। जानी–मानी दवा की दुकान मित्तल केमिस्ट रोड पन्ना लाल रोड का एक नया भव्य स्वरूप और डॉक्टर चेंबर का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्र नाथ सिंह पूर्व हाईकोर्ट बार काउंसिल अध्यक्ष सदस्य एवं चेयरमैन उत्तर प्रदेश बार काउंसिल, डा.आशीष टंडन अध्यक्ष इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन के द्वारा फीता काटकर किया गया ।इस मौके पर मंत्री नंद गोपाल नंदी ने मित्तल केमिस्ट के स्वामी लालू मित्तल एवं गोपाल मित्तल को शुभकामनाएं प्रेषित की और डॉक्टर क्लीनिक की आवश्यकता को आज की बहुत बड़ी जरूरत बताई। शहर उत्तरी के विधायक इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपाई ने क्षेत्र वासियों की तरफअपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ।इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के अन्य प्रोफेसर विभागाध्यक्ष एवं डॉक्टर उपस्थित रहे ।सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. शबी अहमद, नाक कान गला के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एससी गुप्ता, डॉ.मोनिका यादव नगर के अनेक व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इसमें सतीश केसरवानी गल्ला तिलहन व्यापार मंडल रमेश केसरवानी बसंत लाल आजाद रवि शंकर द्विवेदी अशोक अग्रवाल अनिल अरोड़ा, राजकुमार अग्रवाल, कमलेश यादव, राम जी जैन, नाटू भाई नीरज गुप्ता, नीरज जयसवाल ,अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी ,गंगा पार ,अध्यक्ष जमुनापार अध्यक्ष, मंडल प्रभारी अभिषेक मित्तल महारानी चाय प्रमोद बंसल अजय शर्मा इन एलीवेटर राजेंद्र मिश्रा राजू आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# पत्रकारों की अनदेखी को लेकर आईरा एसोसिएशन एवम आइपा ने भरी हुंकार

## पत्रकारों का अपमान बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं

संवाददाता

हापुड़। आपको बता दें कि 3 दिन पहले आईपा पत्रकार संगठन आवासीय योजना से पत्रकारों को लाभान्वित करने से संबंधित ज्ञापन जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा को सोपने गया था जिसकी जानकारी संगठन द्वारा एलआईयू विभाग को 1 दिन पूर्व ही दे दी गई थी लेकिन पत्रकारों को डेढ़ घंटा धूप में खड़ा रहने के बावजूद भी जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन नहीं लिया गया बाद में एसडीएम को ज्ञापन देने की बात कहकर जिलाधिकारी वहां से रवाना हो गई उपरोक्त घटना को लेकर समस्त पत्रकार बंधुओं में खासी नाराजगी देखने को मिली जिला अधिकारी द्वारा पत्रकारों की अनदेखी करना सभी संगठनों में चर्चा का विषय बन गया संबंधित विषय की जानकारी आइफा संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा जब आईरा एसोसिएशन को दी गई तब आईरा एसोसिएशन ऑल इंडियन रिपोर्टरस एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव सुमत सिसोदिया एवं आइपा संगठन



के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में जनपद के समस्त पत्रकारो ने दिनांक 25 मार्च 2023 को सांसद राजेंद्र अग्रवाल द्वारा आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस का बहिष्कार कर दिया तत्पश्चात एसडीएम सदर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पत्रकारों से धरना खत्म करने के लिए कहां गया काफी देर तक चली जद्दोजहद के बाद यह विचार किया गया कि जिलाधिकारी महोदय एक बार पत्रकारों की पीड़ा को सुने तत्पश्चात ही पीसी का आयोजन संभव हो पाएगा मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रशासन द्वारा आनन– फानन में जिलाधिकारी महोदया प्रेरणा शर्मा एवं पत्रकारों की एक सभा सुनिश्चित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी प्रेरणा सिंह जिला सूचना अधिकारी रंजना शर्मा एसडीएम सुनीता सिंह एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे सभा में पत्रकार संगठनों के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल द्वारा बहुत सी बातें जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई जिसमें शासन प्रशासन द्वारा पत्रकारों की अनदेखी एवं अपमान मुख्य विषय रहा सभी विषयों पर चर्चा करते हुए अंतत: जिलाधिकारी महोदया प्रेरणा शर्मा ने कम्युनिकेशन गैप एवं काम में व्यस्तता के चलते उपरोक्त घटना के घटित होने का हवाला दिया साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी पत्रकार को अपनी बात जिलाधिकारी के समक्ष रखने के लिए किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा सभा में आगरा एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव सुमत सिसोदिया ने जिलाधिकारी से यह सुझाव दिया की कार्य दिवसों में एक निर्धारित समय पत्रकारों के लिए सुनिश्चित किया जाएगा।

# दबंगों ने की अधेड़ की पीट–पीटकर हत्या,सूचना देने पर भी नहीं पहुंची पुलिस

संवाददाता, कन्नौज। जिले में पुरानी रंजिश में एक अधेड़ की गांव में पीट पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। परिजनों ने गांव के ही दबंगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सौरिख थाना क्षेत्र के डडौनी गांव निवासी सुरेश चंद पुत्र गजराज सिंह के ऊपर गांव के ही धर्मपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर के बाहर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों ने जमीन पर गिरा कर अधेड़ की पीट–पीटकर हत्या कर दी। जिससे सिर में लोहे की राड लगने से सुरेश चंद की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक के बेटे का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी घंटों पुलिस नहीं पहुंची है जिससे अब आरोपी फरार हो गए हैं। वहीं मृतक के बेटे पंकज ने जानकारी देते हुए बताया कि वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। जब होली पर वह घर आया था तब नाली विवाद को लेकर दबंगों ने उनके पिता के साथ मारपीट की थी। जिसकी शिकायत परिवार ने पुलिस से की थी। पुलिस ने 151 की कार्रवाई करने के बाद आरोपी को छोड़ दिया था। आरोप है कि तबसे दबंग हमला करने की सोच रहे थे। शनिवार को दबंगों ने अधेड़ को दरवाजे पर अकेला पाकर उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उनके पिता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# चंट्रीचंद पर्व युवा सिंधु सभा ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

संवाददाता, कानपुर। युवा सिंधु सभा द्वारा चेट्रीचंद पर्व के उपलक्ष में रतन लाल नगर स्थित लवली वाटिका में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभा के अध्यक्ष आकाश अंशवानी ने किदवई नगर विधानसभा के विधायक महेश त्रिवेदी को सिंधी पाखर पहनाकर स्वागत किया महेश त्रिवेदी जी ने भगवान झूलेलाल जी की आरती करवाकर भंडारे का शुभारंभ करवाया भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने भंडारे का लुफ्त उठाया सीसी युवा सिंधु सभा के सभी पदाधिकारियों ने पूरे सिंधी समाज की तरफ से चंट्रीचंद पर्व के उपलक्ष में सरकारी अवकाश की मांग की। कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से आकाश अंशवानी, सागर अंशवानी, दीपक सेठी, दीपक तहिलियानी, नितिन जगरानी, संजय रोचलानी, सौरभ कोडवानी, सुशील वाधवानी श्याम बिजलानी भूषण शाह विशाल असरानी, गिरीश, विनोद, सोनू मोटवानी आदि उपस्थित रहे।

# जबड़े से संबंधित गंभीर चोट का होगा सफल इलाज अमेया हॉस्पिटल

संवाददाता, कानपुर। अमेया हॉस्पिटल के डॉ श्रीजान मुखर्जी, डा0 अविनाश ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मरीज . सौरभ 19/ड – रिया श्रीवास्तव 28 समय से मुंह का बंद होना व चेहरे के तिरछेपन की बीमारी से ग्रसित थे। बचपन में निचले जबड़े में चोट लगने के कारण मुंह धीरे–धीरे बंद हो गया जिससे खाने पीने कि समस्या हो गई व निचला जबड़ा छोटा हो गया इस बीमारी को त्मज अंकोलिसिस (निचले जबड़े का विकार) कहते हैं। इसका सफ्ल इलाज गैप ऑर्थोप्लास्टी व जॉइन्ट रिप्लेसमेंट सर्जरी द्वारा जगह बनाकर टोटल ज्वाइट रिप्लेसमेंट द्वारा किया गया। मरीज की सभी समस्या (खाने व चेहरे का तिरछापन) दूर हो गई । इस सफ्ल ऑपरेशन को अमेया हॉस्पिटल , गीता नगर क्रॉसिंग, कानपुर में सर्जन की टीम डा0 श्रीजान मुखर्जी, डा0 अविनाश सिंह भदौरिया, डा0 सरदार सिंह यादव व बेहोशी के डा0 विक्रान्त शुक्ला द्वारा किया गया मरीज का जबड़ा खुलने लगा है व अब खाने व पीने में मरीज समर्थ हो गया है।

# 120 दिव्यांगजनों को नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिले

संवाददाता, प्रयागराज। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा रविवार को जिला पंचायत परिसर में नि:शुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल बांटे गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केशरी देवी पटेल सांसद फूलपुर ने कुल 120 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पीयूष रंजन निषाद विधायक विधानसभा क्षेत्र करछना, डा. के.पी.सिंह, निर्मला पासवान, सदस्य विधान परिषद,गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी, भोला नाथ कनौजिया जिला विकास अधिकारी, अशोक कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रयागराज उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नन्द किशोर याज्ञिक ने दी।

# नवनियुक्त भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल को भाजपाइयों ने दी बधाई

संवाददाता, प्रयागराज। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कार्यकर्ताओं के साथ वाराणसी पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल को पुष्पगुच्छ देकर उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और संगठन के प्रति आभार जताया।मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि वाराणसी रोहनिया में स्थित भाजपा काशी क्षेत्र कार्यालय पहुंचकर भाजपाइयों ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह को बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से अवधेश चंद्र गुप्ता,पदुम जायसवाल,प्रमोद जायसवाल, पार्षद किरन जायसवाल, राजेश केसरवानी, अमर सिंह, विवेक अग्रवाल, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी,राजू पाठक ,गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, सचिन जायसवाल,सुभाष वैश्य,राजन शुक्ला, विवेक गौड़,निरंकार त्रिपाठी, गया प्रसाद निषाद, शिव मोहन गुप्ता आदि ने बधाई दी।

# द्वितीय प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में सम्मिलित हुये परीक्षार्थी

संवाददाता, प्रयागराज। प्रो.राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) शिक्षा प्रसार समिति के द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में रविवार को जूनियर एवं सीनियर वर्ग तक की द्वितीय चरण की प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। इस प्रवेश परीक्षा में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लगभग 1600 छात्र–छात्राओं ने हिन्दी,अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दी। प्रात:काल 8.30 बजे से बड़ी संख्या में भैया बहिन अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्र हुये। काशी प्रान्त के प्रान्त संगठन मंत्री डा.राम मनोहर, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य बन्धु भगिनी ने मंत्रोच्चार के साथ पुष्पवर्षा कर भैया बहिनों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया। तत्पश्चात भैया बहिन अपने निर्धारित कक्ष में पहुँचकर परीक्षा में सम्मिलित हुये साथ ही समस्त अभिभावकों को विद्यालय के विशाल सभागार में वीडियों के माध्यम से विद्यालय की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों को दिखाया गया।

# खाद्य कारोबार करता हेतु जागरूक तक परीक्षण कैंप आयोजित

संवाददाता, हापुड़ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एक फोसटोस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन विजय सैनी फूड सेफ्टी ऑडिटर लखनऊ द्वारा सहायक फूड कमिश्नर महेंद्र श्रीवास्तव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतीश कुमार,खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश,संदीप कुमार, सौरभ सोनी,शिवदास,प्रियांक श्रीवास्तव की देखरेख में चंडी मंदिर रोड पर स्थित चेंबर ऑफकॉमर्स में संपन्न हुआ जिसमें खाद्य पदार्थों को किस प्रकार सुरक्षित एवं शुद्ध रूप से उपभोक्ता को प्राप्त हो उसकी जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को जागरूक कर यह समझाना की वह किस प्रकार खाद्य सुपरवाइजर बनकर अपने कारोबार को और अधिक सुरक्षित व एफएस एस आई ए के मानकों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। इस जागरूक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खाद्य तेल व्यापारी, किराना व्यापारी, फूड ग्रेन व्यापारी व अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

CMYK

# एचएएल के ओएफएस में 'ग्रीन शू' विकल्प का इस्तेमाल करेगी सरकार




एजेंसी, वित्त मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. (एचएएल) की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर लगातार अच्छी प्रतिक्रिया मिलने पर 'ग्रीन शू' विकल्प इस्तेमाल करने का फैसला किया है। रक्षा मंत्रालय के तहत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम एचएएल के ओएफएस को पहले दिन ही 4.5 गुना अभिदान मिल गया है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने ट्वीट किया, एचएएल में सरकार के शेयरों के ओएफएस को पहले दिन जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। पहले दिन निर्गम को 4.5 गुना अभिदान मिला। इसके बाद सरकार ने ग्रीन शू विकल्प का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। खुदरा निवेशकों को कल बोली लगाने का मौका मिलेगा।'' ओएफएस में 1.75 प्रतिशत या 58.51 लाख शेयरों की पेशकश की गई है। इसमें इतने ही अतिरिक्त अभिदान को रखने का विकल्प भी है। सरकार ने बुधवार को एचएएल में 2,450 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव रखा था। अगर निर्गम को पूर्ण अभिदान मिलता है तो ओएफएस से सरकारी खजाने को लगभग 2,800 करोड़ रुपये मिलेंगे। ओएफएस के पहले दिन, बीएसई पर एचएएल का शेयर 4.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,497.40 रुपये पर बंद हुआ। वर्तमान में, सरकार की एचएएल में 75.15 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# पुरानी पेंशन की मांग के बीच केंद्र ने उठाया बड़ा कदम, सरकारी कर्मचारियों की पेंशन पर कमेटी का होगा गठन

एजेंसी, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों द्वारा कई राज्यों में बड़े पैमाने पर विरोध के बीच, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ा ऐलान किया है। शुक्रवार को निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र पेंशन से संबंधित मुद्दों को देखने के लिए एक समिति का गठन करेगी। वित्त विधेयक 2023 को विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश करते हुए, सीतारमण ने कहा कि अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे कि सरकारी कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं पेंशन के इस मुद्दे को देखने के लिए वित्त सचिव के तहत एक समिति गठित करने का प्रस्ताव करती हूं। सीतारमण ने कहा कि इकसे तहत एक ऐसा तरीका निकाला जाए जिससे आम नागरिकों के संरक्षण के लिए राजकोषीय बुद्धिमत्ता बनाये रखते हुए कर्मचारियों की जरूरत पर ध्यान दिया जाए।' यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अनेक गैर-भाजपा शासित राज्य सरकारों ने महंगाई भत्ते से जुड़ी पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बदलने का फैसला किया है और कुछ अन्य राज्यों में कर्मचारी संगठन इसकी मांग कर रहे हैं। आपको बता दें कि 2004 से, तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के अधीन केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया और राष्ट्रीय पेंशन योजना की शुरुआत की। पुरानी व्यवस्था में पेंशन कर्मचारी के अंतिम आहरित वेतन का 50 प्रतिशत होता था और पूरी राशि का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता था। सीतारमण ने कहा कि इस पद्धति को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों, दोनों के अपनाने के लिए तैयार किया जाएगा।'' एनपीएस परिभाषित अंशदान के आधार पर काम करता है, जहां सरकारी कर्मचारियों को अपने वेतन का 10 प्रतिशत सेवानिवृत्ति निधि में योगदान करना होता है। सरकार पेंशन कॉर्पस के लिए 14 फीसदी तक देती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने केंद्र को पुरानी पेंशन योजना बदलने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया है और एनपीएस के तहत जमा निधि में से धन लौटाने का अनुरोध किया है। केंद्र सरकार ने



कुछ दिन पहले संसद को सूचित किया था कि वह एक जनवरी, 2004 के बाद भर्ती केंद्र सरकार के कर्मचारियों के संदर्भ में ओपीएस बहाल करने के किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं कर रही।

# 20 रुपए तक सस्ता हुआ कच्चा तेल, पर नहीं घटीं पेट्रोल-डीजल की कीमतें




एजेंसी, नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई राहत नहीं मिल रही है। जून, 2022 से लेकर इस साल मार्च तक यानी 10 महीने में कच्चे तेल की कीमत 58.80 रुपए से घटकर 38.70 रुपए प्रति लीटर रह गई यानि इस दौरान कच्चा तेल 20 रुपए सस्ता हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के मुताबिक, इस अवधि में पेट्रोल 96.70 रुपए और डीजल 89.60 रुपए लीटर पर स्थिर रहा। वैश्विक बाजार में भी पिछले सप्ताह क्रूड 71 डॉलर बैरल के नीचे आ गया, जो इसका 15 महीने का निचला स्तर है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों को समान रखने के बाद भी तीन प्रमुख तेल कंपनियों को अप्रैल से सितंबर, 2022 के बीच 21,201 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। इसकी भरपाई के लिए सरकार ने इस दौरान इन कंपनियों को 22,000 करोड़ रुपए की पूंजी भी दी।भारत में अप्रैल, 2020 में पेट्रोल का मूल भाव 28 रुपए लीटर और डीजल का 31.5 रुपए लीटर था। अब दोनों 57 रुपए पर पहुंच गए हैं। इस अवधि में घरेलू बाजार में कच्चा तेल 13.4 रुपए से बढ़कर 38.7 रुपए लीटर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर, 2020 से जून, 2021 के बीच कच्चे तेल की कीमतें 50 से 72 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर रहीं। जून, 2021 से मार्च, 2022 के बीच कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 98 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। मार्च, 2022 से जून, 2022 के बीच कच्चा तेल रिकॉर्ड 119.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया था। इस दौरान, घरेलू तेल कंपनियों ने कीमतों में कई बार बेतहाशा वृद्धि की। एक समय तो देश के कई हिस्सों में पेट्रोल 120 रुपए लीटर बिक रहा था, जबकि इसकी औसत कीमत करीब 100 रुपए थी। इसके बाद कीमतों में मामूली कटौती हुई, तब से यह 96 रुपए प्रति लीटर के आसपास ही है।

# कनाडा की संसद में उठा अमृतपाल सिंह का मुद्दा, भारत ने दिया ये जवाब



एजेंसी, पंजाब का मामला कनाडा की संसद में उठा। कनाडा के एफएम मेलानी जोली ने कहा कि हम पंजाब में विकसित स्थिति से अवगत हैं, इसका बहुत बारीकी से अनुसरण कर रहे हैं। हम अधिक स्थिर स्थिति में लौटने की आशा करते हैं। कनाडा के सांसद इकविंदर गहीर द्वारा मामला उठाए जाने के मामले के जवाब में कनाडा एफएम ने जवाब दिया। कनाडा की विदेश मंत्री ने कहा कि हम पंजाब की स्थिति से अवगत हैं और हम बहुत बारीकी से इस पर नजर रख रहे हैं। हम आशा करते हैं कि स्थिति बेहतर होगी। हम समुदाय (सिख समुदाय) के कई सदस्यों की चिंताओं को दूर करना जारी रखेंगे, आप हम पर भरोसा कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने लंदन में हमारे उच्चायोग के बाहर जो कुछ हुआ, उस पर प्रासंगिक एजेंसियों के साथ घटना की रिपोर्ट साझा की है। अब यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर निर्भर है कि वे इसके बारे में क्या कर सकते हैं। पंजाब में अधिकारी भगोड़े (अमृतपाल सिंह) को पकड़ने के लिए अभियान चला रहे हैं। हम विदेशों में लोगों से आग्रह करेंगे कि सोशल मीडिया पर कुछ तत्वों द्वारा प्रसारित गलत और प्रेरित बयानों से बचें।

## म्युचुअल फंड में निवेश के लिए ई-वॉलेट केवाईसी नियमों के अनुरूप हो : सेबी

एजेंसी, नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डिजिटल वॉलेट को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) मानदंडों के अनुकूल होना चाहिए। बाजार नियामक ने अपने सर्कुलर में कहा है कि ये प्रावधान एक मई, 2023 से लागू होंगे। सेबी ने आठ मई, 2017 के अपने सर्कुलर के जरिए विशेषरूप से युवा निवेशकों को म्यूचुअल फंड में 50,000 रुपए तक ई-वॉलेट के जरिए निवेश करने की अनुमति दी थी। यह कदम म्यूचुअल फंड उद्योग में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और घरेलू बचत को पूंजी बाजार में लाने के प्रयासों का भी हिस्सा था।

## (प्योंगयांग) उत्तर कोरिया ने पानी के अंदर हमला करने वाले परमाणु ड्रोन का किया परीक्षण

एजेंसी, प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर हमला करने में सक्षम परमाणु ड्रोन का परीक्षण किया है। सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शुक्रवार को यह रिपोर्ट दी हैं। रिपोर्टस में बताया गया है कि ड्रोन को मंगलवार को रिवॉन काउंटी के तट पर एक ड्रिल के लिए तैनात किया गया था, ड्रिल के दौरान उत्तर कोरियाई ड्रोन ने 59 घंटे 12 मिनट तक पानी के भीतर भ्रमण किया और अपने पूर्वी तट से पानी के अंदर विस्फोट किया। रिपोर्ट के अनुसार यह ड्रोन इतना खतरनाक है कि इसके हमले से पानी के भीतर सुनामी को लाया जा सकता है। युद्ध के समय दुश्मन की नौसेना को तबाह करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इसे तैयार किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्योंगयांग ने दो हवासल-1 और दो हवासल-2 रणनीतिक क्रूज मिसाइलों के परीक्षण की भी पुष्टि की, जो कि नकली परमाणु हथियारों से लैस थीं। समाचार एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने व्यक्तिगत रूप से अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में यह परीक्षण किया हैं।

## भूकंप के झटकों से दहला जापान

एजेंसी, टोक्यो । जापान के इजू आइलैंड्स में भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया की रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.6 रही। दरअसल इजू आइलैंड्स जापान के इजू प्रायद्वीप से दक्षिण और पूर्व में फैले ज्वालामुखीय द्वीपों का एक समूह है। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंप 28.2 किमी की गहराई पर आया था। फिलहाल इससे अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि बुधवार देर रात अर्जेंटीना और चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने यहां भूकंप की पुष्टि करते हुए बताया था कि इसका केंद्र अर्जेंटीना के सैन एंटोनियो डी लॉस कोबरेस के 84 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में था। वहीं इसकी तीव्रता 6.5 मापी गई थी।


## अजय बंगा दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

एजेंसी, वाशिंगटन। विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अमेरिका की ओर से नामित अजय बंगा दिल्ली में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह जानकारी दी है। बंगा विश्व के अलग-अलग देशों की यात्रा के आखिरी चरण में भारत की राजधानी में हैं। संक्रमित पाए जाने के बाद से वह पृथक-वास में हैं। भारत में बीते दो हफ्ते के दौरान इंफ्लूएंजा और कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। भारत के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना वायरस से संक्रमण के 1,134 नये मामले सामने आए हैं और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 7,026 हो गई है। बंगा का नयी दिल्ली का दौरा (23 और 24 मार्च) उनकी विश्व यात्रा का अंतिम पड़ाव है। उन्होंने अफ्रीका से अपनी यात्रा की शुरू की थी जिसके बाद वह यूरोप, लातिन अमेरिका होते हुए एशिया पहुंचे। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि नियमित जांच के दौरान अजय बंगा कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं लेकिन उन्हें बीमारी के कोई लक्षण नहीं है। स्थानीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए वह पृथक-वास में हैं। इससे पहले, वित्त विभाग ने एक बयान में बताया था कि भारत की यात्रा के दौरान 63 वर्षीय बंगा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलना था।

## हवाई अड्डों की परिचालन लागत में 30-50 प्रतिशत की कमी लाने की जरूरत : बंसल


एजेंसी, नयी दिल्ली। अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड के प्रमुख अरुण बंसल ने कहा कि आने वाले वर्षों में हवाई अड्डों की परिचालन लागत में 30-50 प्रतिशत की कमी लाने की जरूरत है। उन्होंने भारतीय विमानन कारोबार के तेजी से विस्तार की संभावना जताते हुए यह बात कही। वर्तमान में कंपनी सात हवाई अड्डों का परिचालन करती है और एक अन्य का निर्माण कर रही है। बंसल ने कहा कि वह और अधिक हवाई अड्डों का संचालन करके दुनिया में अग्रणी हवाई अड्डा परिचालक बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अडानी एयरपोर्ट्स भौतिक और डिजिटल श्रेणी में निवेश कर रही है और क्षमता निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। बंसल ने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र को पिछले 20-30 साल तक काफी हल्के में लिया गया। आने वाले वर्षों में हवाई अड्डों के परिचालन लागत में 30-50 प्रतिशत की कमी आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अडानी एयरपोर्ट्स देश के विमानन बाजार को लेकर काफी उत्साहित है और हवाई अड्डों की संख्या को बढ़ाना चाहती है। बंसल ने कहा कि पहले चरण के तहत नवी मुंबई एयरपोर्ट का परिचालन दिसंबर, 2024 तक शुरू कर दिया जाएगा।

# इजराइल ने सीरिया के अलेप्पो हवाई अड्डे पर किया मिसाइल हमला




एजेंसी, दमिश्क। इजराइल ने सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को हवाई हमला कर निशाना बनाया, जिससे उसकी हवाईपट्टी को नुकसान पहुंचा है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एक माह में दूसरी बार हवाई हमले का शिकार बने इस हवाईअड्डे का फिलहाल परिचालन बंद कर दिया गया है। समाचार एजेंसी सना ने एक सैन्य अधिकारी के हवाले से कहा है कि इजराइल के युद्धक विमानों ने भूमध्य सागर के ऊपर से उड़ान भरते हुये अलेप्पो की ओर मिसाइल दागी। यह सीरिया का सबसे बड़ा शहर और व्यावसायिक केंद्र है। खबर में इस हमले के लिये किसी कारण या हताहतों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। सीरिया के नागरिक उड्डयन प्रमुख बसीम मंसूर ने बताया कि इस हमले में हवाई अड्डे की हवाईपट्टी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण इसका परिचालन बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मरम्मत की जा रही है और जल्दी ही हवाई अड्डे का परिचालन शुरू कर दिया जायेगा। ब्रिटेन स्थित 'सीरियन ऑब्जवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा है कि हवाई अड्डे को निशाना बना कर किये गये इजराइल के हमले में पास में ही स्थित ईरान समर्थित मिलीशिया का हथियार डिपो नष्ट हो गया है। तुर्किये तथा सीरिया में छह फरवरी को आए भूकंप के बाद देश में सहायता पहुंचाने के लिये यह हवाई अड्डा प्रमुख माध्यमों में से एक है। गौरतलब है कि छह फरवरी को आए भूकंप में 50,000 से अधिक लोग मारे गए थे, जिनमे से छह हजार से अधिक लोग सीरिया के थे। हवाई अड्डे पर इस महीने की शुरूआत में सात मार्च को भी हवाई हमला किया गया था जिसके बाद कई दिनों तक इसका परिचालन बंद रहा था ।

# नेक्सा को वाहन उद्योग का दूसरा सबसे बड़ा ब्रांड बनाने का लक्ष्य : मारुति सुजुकी





एजेंसी, नयी दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया अपने नेक्सा खुदरा आउटलेट के जरिए पेश महंगे वाहनों की बिक्री अगले वर्ष तक हुंदै और टाटा मोटर्स के महंगे वाहनों की कुल बिक्री से अधिक करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह कहा। मारुति सुजुकी के महंगे वाहनों की बिक्री के लिए नेक्सा की खुदरा श्रृंखला 2015 में शुरू हुई थी। अब इसकी कुल बिक्री 20 लाख इकाई के पार चली गई है। मौजूदा समय में इसके तहत बलेनो, इग्निस, सियाज, एक्सएल 6 और ग्रांड विटारा जैसी गाड़ियों की बिक्री होती है। आगामी एसयूवी फ्रॉन्क्स और जिमनी की पेशकश भी इसी श्रृंखला के तहत की जाएगी। कंपनी को उम्मीद है कि 2023-24 में उसके यात्री वाहनों की बिक्री पांच से 7.5 प्रतिशत तक बढ़ेगी। श्रीवास्तव ने कहा, ''नेक्सा में हमने 20 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर लिया है। पहली दस लाख गाड़ियां चार वर्षों में और अगली दस लाख तीन वर्षों में बिकीं। श्रीवास्तव ने कहा, ''नेक्सा का उद्योग में चौथा स्थान है, हमें उम्मीद है कि अगले वर्ष तक यह वाहन उद्योग का दूसरा सबसे बड़ा ब्रांड बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि चालू वित्त वर्ष में नेक्सा की 3.7 लाख इकाइयां बिक सकती हैं, जबकि पिछले वर्ष का बिक्री आंकड़ा 2.55 लाख इकाई है।

## अफगानिस्तान में तालिबान के एक्शन में आईएसआईएस के तीन सदस्य ढेर

एजेंसी, काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तालिबान बलों द्वारा रात भर की गई कार्रवाई में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट समूह के तीन सदस्य मारे गए। तालिबान के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस्लामिक स्टेट समूह का क्षेत्रीय सहयोगी अगस्त 2021 में तालिबान के अफगानिस्तान की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से उसका सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी रहा है। आतंकवादी संगठन ने तालिबान के गश्ती दल और अफगानिस्तान के शिया अल्पसंख्यकों के सदस्यों को निशाना बनाते हुए अपने हमले बढ़ा दिए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि चलाए गए अभियान में काबुल में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसमें आतंकवादी संगठन के तीन कुख्यात सदस्य मारे गए। वे लोग रमजान के पाक महीने में हमले करने की योजना बना रहे थे। मुजाहिद ने कहा,' आईएस के सदस्य इस ठिकाने का इस्तेमाल काबुल शहर में हमले करने और रमजान के महीने में धार्मिक स्थलों तथा लोगों को निशाना बनाने की योजना बनाने के लिए कर रहे थे। अफगानिस्तान से अमेरिका और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सेना के लौटने के बाद अगस्त 2021 के मध्य में तालिबान ने देश की बागडोर अपने हाथ में ले ली थी।

# दक्षिण चीन सागर में फिर भिड़े चीन और अमेरिका

एजेंसी, दक्षिण चीन सागर में अमेरिका और चीन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। चीन ने दावा किया कि उसने दक्षिण चीन सागर में चीनी जलक्षेत्र से एक अमेरिकी युद्धपोत को खदेड़ा है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित द्वीप के पास चीन द्वारा दावा किए गए क्षेत्रीय जल में प्रवेश करने वाले अमेरिकी नौसेना की लगातार दूसरे दिन निगरानी करने के बाद अमेरिकी सेना को गंभीर परिणाम की चेतावनी दी। दक्षिण चीन सागर में अन्य द्वीपों के स्वामित्व को लेकर फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और इंडोनेशिया के साथ भी चीन का विवाद है। हालांकि चीन के दावे का अमेरिकी नौसेना ने खंडन किया है। अमेरिकी नौसेना ने कहा कि चीन के दावे में सच्चाई नहीं है और अमेरिकी युद्धपोत दक्षिण चीन सागर में सैन्य अभियान को जारी रखा है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता तान केफेई ने एक बयान में कहा, हम अमेरिका से सख्त मांग करते हैं कि वह इस तरह के भड़काऊ व्यवहार को तुरंत बंद करे, अन्यथा इसके कारण होने वाली हर घटना के गंभीर परिणाम होंगे। टैन ने कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिण चीन सागर में राष्ट्रीय संप्रभुता और सुरक्षा के साथ-साथ शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक गुरुवार को विवादित ग्पौं द्वीपों के पास रवाना हुआ था, जिससे दक्षिणी कमांड को जहाजों और विमानों को ट्रैक करने और पानी से बाहर निकालने के लिए तैनात करने के लिए प्रेरित किया, अमेरिकी सेना द्वारा खारिज किए गए दावे।



CMYK

## गैर धर्म में दूसरी शादी करने के बाद इस टीवी एक्ट्रेस ने बदल लिया अपना नाम



छोटे परदे की मशहूर एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ अपनी पर्सनल और प्रोफे शनल लाइफ को लेकर लाइम लाइट में दिखाई देती है वही सोशल मीडिया व्लॉग के जरिए दीपिका अपने फैंस को अपनी निजी जिन्दगी की अपडेट देती नजर आती है। छोटे पर्दे पर कामयाबी का मुकाम हासिल करने के बाद दीपिका काफी पॉपुलर होती नजर आई वही इन दिनों दीपिका अपनी हैप्पी मैरिड लाइफ एन्जॉय कर रही है। दीपिका कक्कड़ ने साल 2011 में पायलट रौनक सैमसन के साथ शादी रचाई थी, उस ही साल में एक्ट्रेस ने हिट शो 'ससुराल सिमर का' में मैन हीरोइन के तौर पर शरुवात की थी बता दे एक्ट्रेस की शादी महज 4 साल ही चल पाई थी जिसके बाद साल 2015 में उनका तलाक हो गया था जिसका असली कारण आज तक कोई नहीं जान पाया। आज हम आपको बताएँगे दीपिका के पहले तलाक की वजह जिसको जानकार शायद आप हैरान हो जाए। ऐसा कहा जाता है दीपिका कक्कड़ का तलाक र्सनल और कंपैटिबिलिटी इश्यूज की वजह से हुआ था जबकि कई लोगो का ये भी मानना है कि उनकी पहली शादी टूटने का कारण उनके दूसरे पति और शो के को-एक्टर शोएब इब्राहिम थे। ससुराल सिमर का टीवी सीरियल में शोएब इब्राहिम ने दीपिका कक्कड़ ऑन-स्क्रीन पति प्रेम का किरदार निभाया था जिसके बाद ऐसा कहा जाता है कि सेट पर दीपिका और शोएब की नजदीकियां बढ़ने लगी थी जिसकी वजह से उनकी पहली शादी पर बुरा असर पड़ा था। हलाकि एक्ट्रेस हमेशा इस बात से इंकार करती नजर आई है। वही दीपिका ने इशारो इशारो में कई बार ये बात कही है उनकी पहली शादी का एक्सपीरियंस काफी खराब रहा है। वही कुछ समय पहले एक व्लॉग के जरिए एक्ट्रेस ने ट्रोलर्स को कड़ी कोटि सुनाई थी जिसमे एक्ट्रेस ने कहा था लोगों को क्या पता कि उन्होंने अपने पास्ट में क्या दर्द देखा है खैर इस बात को तो अब वही जानती है कि उनको अपनी लाइफ में क्या क्या झेलना पड़ा था और उसमे से कितना सच है। वही बताते चले दीपिका ने अपनी दूसरी शादी में अपने धर्म का परिवर्तन भी किया था साथ ही उन्होंने अपना नाम बदल कर फैजा कर लिया था। वही अब दीपिका अपनी हैप्पी मैरिड लाइफ जी रही है साथी ही अब अपने बच्चे को जनम देने वाली है।

>>> बॉलीवुड <<<

# किसी महल से कम नहीं हैं सोनम कपूर का लंदन वाला घर, फोटोज देख रह जायेंगे दंग



पूरे बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपने कमाल फैशन सेन्स को लेकर मशहूर सोनम कपूर फैशन के मामले सभी बखूबी वाखिफ हैं। हाल ही में एक प्यारे से बेटे को जन्म देने वाली सोनम इन दिनों अपने मदर हुड को क लंदन वाले घर में ज्यादा-से-ज्यादा समय अपने बेटे वायु संग गुजारना चाहती हैं जोकि उनकी कई पोस्ट से जानते हैं की सोनम का ये लन्दन वाला घर कितना आलिशान हैं। और कैसे सोनम अपने इस महल जैसे घर तो चलिए आज हम आपको सोनम के इस लंदन वाले घर का टूर करवाएंगे जिसे देखने के बाद आपकी आँखें फटी व सोनम कपूर और उनके बिजनेसमैन हसबैंड आनंद आहूजा अपने बेटे वायु कपूर आहूजा के साथ लंदन के नॉटिंग हिल में हैं। इसे महल बोलना यूँ ही नहीं हैं बल्कि इस घर की लग्जरी इसे खुद एक महल बनाती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने घ की थी जिससे ये पता चला की सोनम का ये घर कितना आलिशान और बड़ा हैं। अपने इस घर की कुछ झलकियां दिखा की थी उनमें वे रेड एंड ब्लैक कलर की एक ड्रेस में काफी गॉर्जियस लग रही हैं। तो वहीं तस्वीरों में देखा जा सकता है कलर का कंफर्टेबल काउच है जिस पर सोनम आराम से रिलैक्स होती देखी जा सकती हैं। साथ ही में बैकग्राउंड में दीव आ रही हैं जोकि घर को एक क्लासी लुक दे रही हैं। सोनम ने अपने आलीशान घर की झलक दिखाते हुए ग्रीन कलर के भी क्लिक कराई हैं और घर का एक लुक शेयर किया हैं। बता दे की अपने घर के दूसरे हिस्से की झलक दिखाते हुए स डाइनिंग टेबल भी है। हाल ही में एक्ट्रेस ने डाइनिंग टेबल की तस्वीर शेयर की थी जिसे किसी पार्टी के लिए फ्लावर्स से डे था और साथ ही उस पर जिस तरीके से प्लैट्स और बाकी सामान को ऑर्गनाइसड तरीके से रखा हुआ था उससे ये साफ की सोनम अपने इस घर में हर एक चीज को कितने सही ढंग से रखना पसंद करती हैं। सोनम के डाइनिंग एरिया में एक राउंड टेबल भी रखा गया है जोकि देखने में बेहद सुन्दर हैं। इसे भी खूबसूरत स्प्रिंग फ्लॉवर्स और डिलिशियस चॉकलेट् से डेकोरेट किया गया हुआ है। सोनम ने अपने डाइनिंग एरिया को खूबसूरत लाइट्स और बैलून से डेकोरेट किया है एक्ट्रेस की डाइनिंग टेबल पर खूबसूरत कटलरी और कैंडल्स रखी गई हैं जोकि किसी स्पेशल ऑकशन की ओर इशारा करती दिख रही थी। सोनम ने अपने लंदन वाले घर को काफी कंफर्टेबल तरीके से रखा हुआ है जिसकी गवाह उनकी ये शेयर की गई तस्वीरें हैं। सोनम ने अपने घर में काफी एंटीक वुडन फर्नीचर रखा है जो उनके घर को एकदम क्लासी और परफेक्ट बनाता हैं। इनसाइड तस्वीरों में सोनम का घर आलीशान महल से कम नहीं लग रहा है। और ना सिर्फ घर बल्कि सोनम के घर की एंट्री भी काफी शानदार है। जिसमे दीवारों को व्हाइट पेंट से कलर किया गया है साथ ही दरवाजे ब्लैक कलर में पेंट नजर आ रहे हैं जोकि ब्लैक एंड वाइट का कॉम्बिनेशन क्रिएट करते हैं।







# इस नन्हें पठान ने लगाए 'झूमे जो पठान' पर जोरदार ठुमके, देख किंग खान ने क्रिकेटर पापा से कह दी ये बात

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी कमबैक फिल्म पठान से बॉक्स ऑफिस का मौसम बदल दिया था। फिल्म की रिलीज के इतने टाइम बाद अबतक लेकिन फैंस से सिर से पठान का खुमार नहीं उतरा है। पठान के गानें लोगों को जुबानी याद है और पठान का फीवर लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। पठान के गाने 'झूमे जो पठान' पर तो सोशल मीडिया पर रील्स और तमाम वीडियो की बाढ़ आई हुई है। अब इस लिस्ट में एक और नाम शुमार हो गया है और वो कोई और नहीं बल्कि इंडियन क्रिकेट टीम के दिग्गज प्लेयर रहे इरफान पठान के बेटे का है। क्रिकेटर ने खुद सोशल मीडिया पर अपने लाडले का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनके नन्हें से बेटे किंग खान के गाने 'झूमे जो पठान' पर जमकर ठुमके लगा रहे हैं। क्रिकेटर के लाडले के इस वीडियो पर शाहरुख खान ने खुद रिएक्ट किया है। बता दें कि




इरफान खान ने ट्वीटर पर अपने लाडले के डांस वीडियो को शेयर किया था। वीडियो में क्रिकेटर के नन्हे से बेटे को मोबाइल पर पठान फिल्म के गाने 'झूमे जो पठान' को सुनते हुए और लास्ट में उस पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो को पोस्ट करते हुए इरफान ने शाहरुख खान को टैग करते हुए लिखा था कि खान साहब प्लीज अपनी लिस्ट में एक और सबसे क्यूटेस्ट फैन को शामिल करें।किंग खान भी ट्वीटर पर काफी एक्टिव रहते हैं और अक्सर अपने फैंस के सवालों का जवाब देते नजर आते हैं। ऐसे में इरफान खान के बेटे के इस वीडियो पर जैसे ही सुपरस्टार की नजर पड़ी। वो खुद को इस पर रिएक्ट करने से रोक नहीं पाए। बादशाह एक्टर ने इस क्लिप को दोबारा पोस्ट किया और साथ क्रिकेटर की बेटे के डांस की तारीफ करते हुए लिखा, ये तुमसे ज्यादा टैलेंटेड निकला...छोटा पठान। पठान की बात करें तो इस फिल्म को मशहूर डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म शाहरुख के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम लीड रोल में नजर आए थे। ये फिल्म 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, अब पठान 22 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई है।

>>> बॉलीवुड <<<

# बाबा महाकाल के रंग में रंगे नजर आए बॉलीवुड सिंगर शान, परिवार संग देखी भस्म आरती

बीतों कुछ वक्त से लगातार बॉलीवुड सेलेब्स और क्रिकेटर्स लगातार उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। विराट कोहली-अनुष्का शर्मा, केएल राहुल-अथिया शेट्टी और रुपाली गांगुली के बाद अब बॉलीवुड के फेमस सिंगर शान की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही है जिसमें वो बाबा महाकाल के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। दरअसल, हाल ही में शान उज्जैन के बाब महाकाल के मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान सिंगर अपने पूरे परिवार के साथ बाबा महाकाल की भस्मआरती में भी शामिल हुए। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो सामने आई है उसमें वो और उनकी फैमली पंडितों के साथ मिलकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि अपनी जादुई आवाज से सबका दिल जीतने वाले सिंगर शान पहली बार बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन आए हैं। हालांकि उज्जैन आकर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन की इच्छा तो उन्हें काफी टाइम से थी जो अब जाकर पूरी हुई है। इस दौरान सिंगर शान पूरी तरह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। बता दें कि बाबा महाकाल के दर्शन के बाद शान ने मंदिर परिसर में ही अपनी सुरीली आवाज में कर्पूर गौरम करुणावतारं मंत्र गाकर सबको सुनाया। वहीं, दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वो बाबा महाकाल का दर्शन पाकर काफी खुश हैं और भस्म आरती में भगवान के दर्शन ने उनके मन में सकारात्म ऊर्जा जगा दी है जिसे वो शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। सिंगर ने बताया कि उन्होंने भगवान शिव से जगत के कल्याण और सभी की सलामती के लिए प्रार्थना की है। बाबा महाकाल की दिव्य आरती का हिस्सा बनने के बाद सिंगर ने उज्जैन के खाने का भी लुफ्त उठाया। नाश्ते में उन्होंने वहां का मशहूर पोहा और जलेबी का स्वाद लिया। शान की सबसे खास बात ये थी कि उन्होंने यहां कोई वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं लिया। शान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें दुनियाभर में लोग उन्हें उनकी मखमली आवाज के लिए जानती है। शान ने अपने करियर शुरुआत साल 1999 में उन्होंने प्यार में कभी कभी फिल्म से की थी। उदित नारायण से मेल खाती शान की आवाज को लोगों ने खूब पसंद किया। अपने इस सफर में सिंगर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।





# हीमैन धर्मेंद्र ने बॉलीवुड के इस यंग एक्टर से की खुद की तुलना,

## कहा- 'उसके चेहरे में मासूमियत...

बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। एक्टर ने अपने दम पर हिंदी सिनेमा पर कई सालों तक राज किया है। आज लोग उनके अभिनय की तारीफों के पुल बांधते नजर आते हैं और एक्टर की फिल्में आज लोगों की पहली पसंद है। धर्मेंद्र के फैंस उन्हें प्यार से हीमैन बुलाते हैं और बॉलीवुड के हीमैन धर्मेंद्र यंग एक्टर कार्तिक आर्यन के मुरीद हो गए हैं। धर्मेंद्र ने खुद भी बाहर से आकर फिल्म इंडस्ट्री में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है और इसी वजह से वो हर बाहर से आने वाले एक्टर का खुलकर सपोर्ट करते हैं। यही वजह है कि आज भी इंडस्ट्री में लोग एक्टर की दिल से इज्जत करते हैं। धर्मेंद्र ना सिर्फ नए लड़कों का सपोर्ट करते हैं बल्कि वो उनकी मदद के लिए भी हर टाइम आगे रहते है। हाल में दिए एक मीडिया इंटरव्यू में धर्मेंद्र ने बताया कि उन्हें बॉलीवुड क्यूट बॉय कार्तिक आर्यन काफी पसंद हैं। इस दौरान उन्होंने कार्तिक आर्यन की तारीफ करते हुए कहा, श्वो काफी हार्डवर्किंग है। बहुत कम नौजवान इतनी मेहनत करने को तैयार रहते हैं। उसके चेहरे में एक मासूमियत और ईमानदारी है। कई लोग मुझे इसी कारण पसंद करते थे। बता दें कि धरम पाजी भी सालों पहले कार्तिक आर्यन की तरह मुंबई में नाम कमाने के लिए आए थे। लोगों ने उनके काम को बहुत पसंद किया और उनकी मेहनत को आज भी लोग सलाम करते हैं।

स्टार एक्सप्रेस
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक: नरेन्द्र कुमार। (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK